राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

# दैनिक बुलन्द संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 रेड वेलवेट गाउन में कंगना शर्मा ने...



राम मंदिर चोरी पर योगी का... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 16 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 129, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### राम मंदिर के सीईओ बनने की होड़, 24 घंटे में 1000 से ज्यादा आवेदन; रिटायर्ड अफसरों में सबसे ज्यादा उत्साह

**अयोध्या (आरएनएस)।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा राम मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाने के बाद देशभर से जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के महज 24 घंटे के भीतर ही इस पद के लिए 1,000 से



अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें सबसे बड़ी संख्या सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की बताई जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट ने नए ष्टश्वह्र के चयन के लिए तीन सदस्यीय सर्च कमेटी का गठन किया है। भर्ती का नोटिफिकेशन जारी होते ही समिति के आधिकारिक ई-मेल पर बड़ी संख्या में आवेदन आने शुरू हो गए। आवेदन की अंतिम तिथि 18 जुलाई निर्धारित की गई है। माना जा रहा है कि तब तक आवेदनों की संख्या कई हजार तक पहुंच सकती है।

### चिन्नास्वामी भगदड़ मामला : पूर्व पुलिस कमिश्नर बी. दयानंद समेत 3 आईपीएस अधिकारियों को क्लीन चिट

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर जून 2025 में हुई भगदड़ मामले में राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने पूर्व पुलिस आयुक्त बी. दयानंद समेत तीन आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ चल रही विभागीय जांच समाप्त करते हुए उन्हें क्लीन चिट दे दी है।

4 जून 2025 को आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ऐतिहासिक खिताबी जीत के जश्न के दौरान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। इसी दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हुए थे।

हादसे के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने



जिम्मेदारी तय करते हुए तत्कालीन पुलिस आयुक्त बी. दयानंद, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विकास कुमार विकास, तत्कालीन डीसीपी (सेंट्रल) शेखर, एक सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) और एक पुलिस निरीक्षक को निलंबित कर दिया था।

मंगलवार को जारी सरकारी आदेश में कहा गया कि संबंधित अधिकारियों के स्पष्टीकरण और प्रशासनिक विभाग की राय की समीक्षा के बाद सक्षम प्राधिकारी ने उनके खिलाफ विभागीय जांच समाप्त करने का निर्णय लिया है। सूत्रों के मुताबिक, निलंबित एसीपी और पुलिस इंस्पेक्टर के मामलों में भी जल्द फैसला लिया जा सकता है।

**हाई कोर्ट में सरकार ने क्रष्टक्क प्रबंधन को ठहराया था जिम्मेदार**

भगदड़ की घटना के बाद कर्नाटक सरकार ने हाई कोर्ट में दाखिल अपनी स्टेटस रिपोर्ट में हादसे के लिए मुख्य रूप से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया था। इस मामले को लेकर उस समय राज्यभर में व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक विवाद भी हुआ था।

### डेटा सेंटर इंडस्ट्री देगी रोजगार को नई रफ्तार, 2030 तक 1 लाख इंजीनियरों की होगी आवश्यकता

**नई दिल्ली ।** भारत का तेजी से बढ़ता डेटा सेंटर उद्योग आने वाले वर्षों में देश के सबसे बड़े रोजगार सृजक क्षेत्रों में शामिल हो सकता है। एक नई रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि वर्ष 2030 तक इस क्षेत्र में करीब 1 लाख कुशल पेशेवरों (स्किल्ड प्रोफेशनल्स) की आवश्यकता होगी।

एनएलबी सर्विसेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की स्थापित डेटा सेंटर क्षमता मौजूदा लगभग 1.5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) से बढ़कर दशक के अंत तक 6.5 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के चलते एक माह बंद रहेगा लाल किला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली का ऐतिहासिक लाल किला 15 जुलाई से आम जनता के लिए एक महीने के लिए बंद कर दिया गया है। यहां 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां चल रही हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का हवाला देते हुए 15 अगस्त तक लाल किला बंद करने का आदेश जारी किया है। इस दौरान पर्यटकों को ऐतिहासिक स्मारक में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। लाल किला अब 15 अगस्त के बाद आम लोगों के लिए खुलेगा।



स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले पर तिरंगा फहराएंगे और किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों और आमंत्रित अतिथियों सहित हजारों लोग शामिल होते हैं, जिसके लिए सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कार्यक्रम स्थल समेत पूरे क्षेत्र की जांच-परख की जाती है।

पिसुरक्षा एजेंसियां किले को नियंत्रण में लेती हैं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, पूर्वाभ्यास और अन्य तैयारियों के लिए यह बंद रहता है। किले को इस साल पहली बार 30 दिन के लिए बंद नहीं किया जा रहा, बल्कि इससे पहले 2025 भी यह 30 दिन के लिए बंद हो चुका है। यह क्रम 2022 से चल रहा है। हालांकि, पहले किले को बंद करने की अवधि कम होती थी। वर्ष 2021 में किले को 21 जुलाई से 15 अगस्त तक 26 दिन के लिए बंद किया गया था।

वर्ष 2018 में 8 से 15 अगस्त तक केवल 8 दिन की

**15 अगस्त तक पर्यटकों के प्रवेश पर रोक, प्रधानमंत्री करेंगे ध्वजारोहण और राष्ट्र को संबोधित**

बंदी थी। पिछले काफी समय से दिल्ली समेत लाल किले को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं।

अभी 6 दिन पहले, शनिवार को मुंबई पुलिस को एक धमकी भरा फोन आया जिसमें दिल्ली के लाल किले को उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि, यह फर्जी पाया गया। पिछले साल नवंबर 2025 में लाल किले के पास कार में आतंकी धमाका हुआ था, जिसमें 12 से 15 लोग मारे गए थे।

# अमेरिकी नाकाबंदी के विरोध में ईरान ने खुद को शांति समझौते से अलग किया

**तेहरान।** अमेरिका की सेना द्वारा लगातार ईरानी ठिकानों पर हो रहे हमले और ईरानी बंदरगाहों पर एक बार फिर नाकाबंदी शुरू किए जाने के बाद ईरान शांति समझौता तोड़ने का विचार कर रहा है। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने अमेरिका पर समझौता ज्ञापन की शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन से अब बंधा नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य पर पूर्ण युद्धकालीन नियंत्रण रखेगा।



गरीबाबादी ने कहा कि तेहरान होर्मुज पर अपनी संप्रभुता को लागू करेगा, चाहे इसकी कितनी भी कीमत चुकानी पड़े।

उन्होंने कहा, अमेरिका ने समझौते का उल्लंघन करने से कहीं आगे बढ़कर काम किया है। आज रात की नौसैनिक नाकाबंदी के साथ, समझौता प्रभावी रूप से समाप्त हो गया है।

# नितिन गडकरी के खिलाफ भ्रामक जानकारी फैलाना पड़ा भारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, टोयोटा और इथेनॉल को लेकर सोशल मीडिया पर कथित तौर पर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी फैलाना कुछ चर्चित चेहरों को भारी पड़ गया है। नागपुर शहर की साइबर पुलिस ने इस मामले में सख्त

**यूट्यूबर मनीष कश्यप समेत 4 इन्फ्लुएंसर पर एफआईआर दर्ज**

कदम उठाते हुए मशहूर यूट्यूबर मनीष कश्यप समेत चार सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन सभी पर अपनी पोस्ट और वीडियो के जरिए सरकार की छवि खराब करने और आम जनता के बीच भ्रम फैलाने का गंभीर आरोप लगा है।

**बीजेपी नेता की शिकायत पर हुआ एक्शन**

यह पूरी कार्रवाई नागपुर शहर के बीजेपी सोशल मीडिया सेल के अध्यक्ष शिशिर त्रिपाठी की शिकायत के आधार पर की गई है। शिकायत मिलने के बाद नागपुर शहर साइबर पुलिस थाने में यूट्यूबर मनीष कश्यप, इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर देसी बॉयज , हर्षित राठी और अंकलेश इनवाते के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर



में इन चारों के यूट्यूब और इंस्टाग्राम खातों के लिंक और उन आपत्तिजनक वीडियो का भी विशेष रूप से जिक्र किया गया है, जिनमें इथेनॉल से जुड़े दावों को बिना किसी ठोस प्रमाण के प्रस्तुत किया गया और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बारे में भ्रामक बातें कही गईं।

**इन गंभीर धाराओं में कसा गया शिकंजा**

नागपुर साइबर पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352, 356 और 296 के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 67 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है और सोशल मीडिया पर इन इन्फ्लुएंसर्स द्वारा साझा की गई सामग्री की सत्यता और उसके प्रभाव का बारीकी से परीक्षण किया जा रहा है। जांच आगे बढ़ने पर इन सभी की मुश्किलें और भी ज्यादा बढ़ सकती हैं।

# ब्रेस्ट दबाना रेप की कोशिश नहीं, पटना हाई कोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने यौन अपराधों से जुड़े मामलों में न्यायिक संवेदनशीलता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (एनजेए) की समिति द्वारा तैयार रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट और देश के सभी हाई कोर्ट की वेबसाइटों पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। यह रिपोर्ट इलाहाबाद हाई कोर्ट के 17 मार्च 2025 के उस विवादित आदेश के बाद तैयार की गई, जिसमें कहा गया था कि किसी लड़की के पजामे का नाड़ा खींचना और उसके स्तनों को पकड़ना बलात्कार के प्रयास (रेप की कोशिश) के दायरे में नहीं आता। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उस आदेश पर रोक लगा दी थी और न्यायिक अधिकारियों के लिए संवेदनशीलता संबंधी दिशा-निर्देश तैयार करने को कहा था।

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट का ध्यान 9 जुलाई को आए पटना हाई कोर्ट के एक फैसले की ओर दिलाया। उन्होंने कहा कि ऐसे आदेश समय-समय पर सामने आते रहे हैं। पटना हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि किसी महिला की सलवार उतारना और उसकी छाती दबाना, अपने आप में बलात्कार के प्रयास का अपराध सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

इस पर जस्टिस वी. मोहना ने पूछा कि क्या पटना हाई कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का संज्ञान लिया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि न्यायाधीशों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे प्रासंगिक कानूनी विकास और निर्णयों का अध्ययन करें। उन्होंने कहा, जजों को भी रिसर्च करनी चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सभी अदालतें न्यायिक हैंडबुक में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें। साथ ही राज्यों को निर्देश दिया कि पुलिस एफआईआर दर्ज करते समय और चार्जशीट दाखिल करते समय भी इन दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करे। अदालत ने कहा कि इस संबंध में विस्तृत कारणयुक्त निर्णय भी सार्वजनिक किया जाएगा।

**क्या था मामला?**

मामला वर्ष 2008 की एक घटना से जुड़ा है। पीड़िता के अनुसार, वह अपने पिता के साथ अमरपुर स्थित एक फोटो स्टूडियो गई थी। आरोप है कि फोटो लेने के बाद स्टूडियो संचालक ने उसके पिता को बाहर इंतजार करने के लिए कहा और युवती को फोटो दिखाने के बहाने अंदर रोक लिया। इसके बाद उसने स्टूडियो का दरवाजा बंद कर उसके साथ यौन उत्पीड़न करने की कोशिश की।

पीड़िता के शोर मचाने पर उसके पिता मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया।



**पटना हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि किसी महिला की सलवार उतारना और उसकी छाती दबाना, अपने आप में बलात्कार के प्रयास का अपराध सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है**

मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की बलात्कार के प्रयास और गलत तरीके से बंधक बनाने से संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया था।हालांकि, अपील पर सुनवाई करते हुए पटना हाई कोर्ट ने उपलब्ध साक्ष्यों का दोबारा मूल्यांकन किया। अदालत ने कहा कि बलात्कार के प्रयास के आरोप को साबित करने के लिए पर्याप्त मेडिकल साक्ष्य उपलब्ध नहीं थे। साथ ही जांच अधिकारी की गवाही भी रिकॉर्ड पर नहीं थी और अभियोजन का मामला मुख्य रूप से पीड़िता तथा उसके माता-पिता के बयानों पर आधारित था।इन परिस्थितियों में हाई कोर्ट ने बलात्कार के प्रयास की सजा को रद्द कर दिया। हालांकि अदालत ने माना कि आरोपी की हरकतें भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत महिला की मयार्दा भंग करने के अपराध की श्रेणी में आती हैं।

# सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई को गाली देने वाला लॉ स्टूटेंड गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट में 10 जुलाई को सुनवाई के दौरान कथित अभद्र व्यवहार और हंगामा करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने लॉ के दो छात्रों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रबल प्रताप और चंदर भान के रूप में हुई है। दोनों लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि (लॉ) के छात्र बताए जा रहे हैं।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, इस मामले में तिलक मार्ग थाने में सुप्रीम कोर्ट के सुरक्षा स्टाफ की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामला 10 जुलाई का है, जब प्रबल प्रताप एवं अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सरकार मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी। पुलिस का कहना है कि प्रबल प्रताप सिंह स्वयं अपने मामले की पैरवी कर रहे थे। आरोप है कि सुनवाई के दौरान उन्होंने अदालत की कार्यवाही में बाधा डाली, अभद्र और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया तथा कोर्ट रूम के भीतर कागज



फेंककर हंगामा किया। एफआईआर के अनुसार, जब सुप्रीम कोर्ट के सुरक्षा कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करने और अदालत की गरिमा बनाए रखने का प्रयास किया, तब आरोपी ने उनके साथ धक्का-मुक्की और बल प्रयोग भी किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**क्या है पूरा मामला?**

10 जुलाई को जस्टिस के.वी. विश्वनाथन और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ प्रबल प्रताप की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान प्रबल प्रताप स्वयं अपनी ओर से पैरवी कर रहे थे।

आरोप है कि उन्होंने पहले पीठ को अनुचित तरीके से संबोधित किया और फिर अदालत के समक्ष कागज फेंकने लगे। इसके बाद कोर्ट रूम में मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए उन्हें बाहर ले जाने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने कथित रूप से भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के खिलाफ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

**व्यापार समझौता** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में लागू होने वाला यह छठा मुक्त व्यापार समझौता है

# भारत-यूके व्यापार समझौता हुआ लागू, 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को मिलेगी शुल्क-मुक्त पहुंच

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) लागू हो गया। इसे हाल के वर्षों में भारत के सबसे बड़े और व्यापक मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में से एक माना जा रहा है। सरकार का दावा है कि इस समझौते से किसानों, श्रमिकों, एमएसएमई, निर्यातकों, स्टार्टअप और सेवा क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा, जबकि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में लागू होने वाला यह छठा मुक्त व्यापार समझौता है। इससे पहले भारत मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) और ओमान के साथ ऐसे समझौते लागू कर चुका है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के अनुसार, सीईटीए केवल आयात-निर्यात शुल्क घटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापार, निवेश, सेवाओं और रोजगार के नए अवसरों का व्यापक ढांचा तैयार करेगा। इससे टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएं कम होंगी तथा भारतीय उद्योगों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। समझौते के तहत भारत



के लगभग 99 प्रतिशत निर्यात को ब्रिटेन के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। वहीं, ब्रिटेन से आयात होने वाले कई उत्पादों पर सीमा शुल्क कम होने से उनकी कीमतों में भी कमी आने की संभावना है। इसके अलावा पहली बार ब्रिटेन की कंपनियां भारत सरकार की करीब 40 हजार उच्च मूल्य वाली सरकारी निविदाओं में भाग ले सकेंगी। इससे परिवहन, हरित ऊर्जा और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्रों में निवेश और प्रतिस्पर्धा बढ़ने की उम्मीद है। सीईटीए में कुल 30 अध्याय शामिल हैं, जिनमें डिजिटल व्यापार, सरकारी खरीद, एमएसएमई, निवेश, बौद्धिक संपदा, श्रम, पर्यावरण और सेवा क्षेत्र से जुड़े नियमों को सरल बनाया गया है। इसे भारत का अब तक का सबसे व्यापक मुक्त व्यापार समझौता माना जा रहा है।समझौते के तहत स्कॉच व्हिस्की पर मौजूदा 150 प्रतिशत आयात शुल्क पहले चरण में घटाकर 75 प्रतिशत किया जाएगा, जबकि अगले 10 वर्षों में यह 40 प्रतिशत रह जाएगा। ब्रिटेन में बनी पूरी तरह तैयार कारों पर भी पहली बार इतनी बड़ी सीमा शुल्क रियायत दी गई है। इन कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर चरणबद्ध तरीके से 10 प्रतिशत किया जाएगा। पेट्रोल और डीजल कारों को शुरूआत से ही रियायत मिलेगी, जबकि इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड और हाइड्रोजन वाहनों को छठे वर्ष से लाभ मिलेगा, ताकि शुरूआती पांच वर्षों तक भारतीय ईवी उद्योग को सुरक्षा मिल सके। पहले 15 वर्षों में रियायती शुल्क पर 3.78 लाख ब्रिटिश यात्री वाहनों के आयात की अनुमति होगी। वहीं ट्रकों पर आयात शुल्क 44 प्रतिशत से घटकर पांचवें वर्ष तक 8.8 प्रतिशत रह जाएगा। भारत ने सेब, अखरोट, व्हे, कुछ बीज, सोने की ईंटों और स्मार्टफोन जैसे संवेदनशील उत्पादों पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। वहीं ब्रिटेन ने भी चावल, चीनी और कुछ मांस उत्पादों को इस समझौते के दायरे से बाहर रखा है। समझौते के साथ लागू हुए डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन के तहत भारत से ब्रिटेन जाने वाले कर्मचारियों और उनके नियोक्ताओं को पांच वर्षों तक ब्रिटेन में सोशल सिक्योरिटी योगदान नहीं देना होगा। इससे भारतीय पेशेवरों और कंपनियों की लागत में कमी आएगी।इस समझौते से रेडीमेड गारमेंट, टेक्सटाइल, फुटवियर, कालीन, प्रोसेस्ड फूड, अनाज, फल-सब्जियां, मसाले, मछली एवं समुद्री उत्पाद, ऑटोमोबाइल, ऑटो पार्ट्स, मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सिरेमिक, ग्लास, सीमेंट और स्टोन उद्योगों को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है।

# किसान दिवस में गूंजीं किसानों की समस्याएं, भाकियू (अराजनैतिक) ने डीएम को सौंपा मांगपत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आयोजित किसान दिवस में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला संरक्षक चौधरी कुलदीप गुड्डू ने किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को जिलाधिकारी कुमार हर्ष एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार के समक्ष प्रमुखता से उठाया।

चौधरी कुलदीप गुड्डू ने बताया कि किसान दिवस में अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में किसानों की समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा की गई और उनके समाधान की मांग की गई भाकियू (अराजनैतिक) ने मांग की कि ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से प्रभावित किसानों के गांवों को जोड़ने वाले मार्गों को लिंक मार्ग घोषित किया जाए, ताकि किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। साथ ही मेरठ-बदायूं मार्ग,बुलंदशहर-अनूपशहर मार्ग समेत अन्य स्थानों पर अंडरपास और सर्विस रोड का निर्माण कराया जाए।







संगठन ने किसानों की संपूर्ण कर्जमाफी, अघोषित बिजली कटौती पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने तथा आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने की मांग भी उठाई। इसके अलावा जनपद में राहवीर योजना लागू करने, पेट्रोल की गुणवत्ता की जांच कराने, इथेनॉल मिश्रण और कथित मिलावट पर रोक लगाने तथा किसानों को सस्ता पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने की भी मांग की गई बैठक में अमेरिका ट्रेड डील को रद्द करने, स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने, विद्युत मीटरों में मनमाने ढंग से लोड बढ़ाने की कार्रवाई बंद करने, किसानों को समय से डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध कराने, मक्का की खरीद शुरू कराने तथा ओवररेट व टैगिंग करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग भी रखी गई। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का बिना शिकायतकर्ता से संपर्क किए निस्तारण करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने किसानों की सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

किसान दिवस में बड़ी संख्या में किसान एवं विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में चौधरी कुलदीप गुड्डू ने सर्किल रेट में बढ़ोतरी तथा गन्ना भुगतान के संबंध में किए गए प्रयासों के लिए जिलाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# हजरतपुर गांव में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल है।





सूचना मिलते ही अहमदगढ़ थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि महिला की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह मामला अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव का है।

# विधायक लक्ष्मीराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर का हुआ जोरदार स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** भारतीय जनता पार्टी पश्चिम उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री नवाब सिंह नागर जी के सिकंदराबाद विधानसभा में प्रथम आगमन पर सिकंदराबाद





विधायक श्री लक्ष्मीराज सिंह जी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका ऐतिहासिक, भव्य एवं अभूतपूर्व स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा, माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ भेंट तथा गगनभेदी जयघोष के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान संगठन के प्रति कार्यकर्ताओं का उत्साह, अनुशासन और जोश देखने योग्य रहा।

इस अवसर पर विधायक श्री लक्ष्मीराज सिंह जी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री नवाब सिंह नागर जी का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पश्चिम उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का संगठन नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है।

अपने संबोधन में क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री नवाब सिंह नागर जी ने विधायक श्री लक्ष्मीराज सिंह जी एवं समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है। बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन हित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा, समर्पण और ऊर्जा के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर ककोड़ चेयरमैन श्री मोहित सिंघल जी, ककोड़ मंडल अध्यक्ष श्री ललित भाटी जी, मंडल अध्यक्ष श्री त्रिवेश गुप्ता जी, मंडल अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र तेवतिया जी, ब्लॉक प्रमुख पति श्री सुनील यादव जी, गुलावठी चेयरमैन श्री शैलेश तेवतिया जी, मंडल अध्यक्ष श्री हरिओम डगर जी, ब्लॉक प्रमुख श्री पुष्पेंद्र भाटी जी, श्री सोनू शर्मा जी तथा श्री सचिन शर्मा जी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम पूरे समय उत्साह, ऊर्जा और संगठनात्मक एकजुटता का प्रतीक बना रहा। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारों और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री नवाब सिंह नागर जी का अभिनंदन किया तथा उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त एवं जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया।

# विद्यालय में नव निर्वाचित छात्रा संसद ने ली शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज, शिकारपुर, विद्यालय में बुधवार को छात्रा संसद चुनाव के उपरांत आज भव्य शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण संपन्न हुआ।

शपथ ग्रहण समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष विजेंद्र दत्त शर्मा उन्हें सभी छात्र संसद के निर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई और उन्हें अपने कर्तव्य का निर्वहन हेतु उनसे आवाहन करते हुए कहा कि अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक बनाए रखने मे सक्षम है ।और उसे बखूबी निभाएंगे ।मुझे ऐसी आपसे आशा है । विद्यालय के व्यवस्थापक अनिल कुमार मित्तल , कोषाध्यक्ष सुशील कुमार मित्तल तथा पूर्व प्रबंधक अजीत प्रसाद जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी निधि गुप्ता द्वारा की गई । तथा कार्यक्रम का संचालन बिंदु चौधरी एवं कविता शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर छात्रा संसद के लिए निम्न पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की–

- नवनिर्वाचित अध्यक्ष :-
- शिप्रा सिंह (कक्षा 11)
- उपाध्यक्षः प्राची (कक्षा 9)
- मंत्रीः शिखा चौधरी (कक्षा 9)- सहमंत्रीः डिंपल (कक्षा 9)
- सचिवः वैष्णवी (कक्षा 8)
- सहसचिवः मानवी (कक्षा 8)




- कोषाध्यक्षः पूर्वी (कक्षा 6)

विद्यालय की प्रधानाचार्या निशा गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं जिम्मेदारी की भावना का विकास करती हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया 'इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सपा का पीडीए सम्मेलन, संगठन मजबूत करने का आह्वान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय, बुलंदशहर में बुधवार को पीडीए (पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक) समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया सम्मेलन में पीडीए समाज के संयोजकों का जिलाध्यक्ष मतलूब अली और जिला महासचिव कृष्णपाल यादव ने समाजवादी पार्टी का पटका पहनाकर एवं पुष्पमाला भेंट कर स्वागत किया।



इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा शुरू किया गया पीडीए अभियान सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, नौजवान और महिलाओं को एकजुट कर उनके अधिकारों की रक्षा करना समाजवादी पार्टी की प्राथमिकता है।

उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को प्रमुख मुद्दा बताते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रही है सम्मेलन में अनिरुद्ध सिंह, नंद किशोर वाल्मीकि, वर्षा प्रधान, अमर पाल सिंह, हाजी असलम, मनोज यादव, पहलवान, शफीक कुरैशी, प्रेमवीर यादव, रफीक नेता जी, सुखवीर सिंह सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कैडेट्स ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** 39 यूपी बटालियन एनसीसी खुर्जा के कमान अधिकारी कर्नल मनु तिवारी के दिशा निर्देशन में सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर के कैडेट्स ने अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन करते हुए वृक्षारोपण करके पर्यावरण के प्रति समाज में जागरूकता अभियान चलाया इस अवसर पर विद्यालय के ए एन ओ चैतन्य हरि शर्मा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा की वृक्ष धारा के आभूषण है वृक्षों से ही पृथ्वी पर जीवन है एक वृक्ष 100 पुत्रों के समान हैं वृक्ष शिव के समान विष पीकर कामधेनु की तरह सभी प्रकार के वांछित फल प्रदान करते हैं प्रत्येक कैडेट को अपने जन्मदिन पर प्रतिवर्ष एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए इस अवसर पर सी टी ओ पवन त्यागी ,प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह, प्रबंधक अनिल मित्तल ,अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा आशीष मित्तल उपस्थित रहे।

# पैसों के लेनदेन में खूनी संघर्ष, सिकंदराबाद में ताबड़तोड़ फायरिंग, दो की मौत, दो घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद के सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव निजामपुर में बुधवार को पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। गोलीबारी में अजब सिंह और सोनू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सहित पुलिस के आला अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। हालात की गंभीरता को देखते हुए एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर



और डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी भी घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद दोनों ओर से दर्जनभर से अधिक राउंड फायरिंग हुई। दिनदहाड़े हुई इस डबल मर्डर की वारदात से गांव और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# खुर्जा में पुलिस मुठभेड़, हत्या का आरोपी पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** खुर्जा देहात थाना क्षेत्र में हत्या के मामले में वांछित आरोपी और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस ने आरोपी को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खुर्जा में भर्ती कराया गया।पुलिस के अनुसार, खुर्जा देहात थाना पुलिस और स्वाट टीम देहात ग्राम मुण्डाखेड़ा से गवां जाने वाले मार्ग पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी लोकेश घायल हो गया और उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस तथा हत्या के मामले से जुड़े दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और वह मृतक जान मोहम्मद का ऑटो हड़पना चाहता था। इसी उद्देश्य से उसने 12 जुलाई को ग्राम गवां में जान मोहम्मद की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ऑटो को गांव में ही छोड़कर फरार हो गया था।





पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# किसान यूनियन बाईक रैली को पुलिस ने रोका, धरने पर बैठे किसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर की ट्रेड डील रद्द किए जाने की पुरजोर मांग**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के कार्यकताओं ने ट्रेड डील के विरोध में बाइक रैली निकाल कर जिला मुख्यालय पर पहुंचकर विरोध करने का प्रयास किया। पुलिस ने बाइक रैली को जिलामुख्यालय जाने से पहले ही रोक दिया। इस पर किसानों ने बीच सड़क पर बैठ कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। बाद में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन पुलिस को सौंप कर धरना समाप्त कर दिया गया।

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी जिलाध्यक्ष सुनील कुमार लोधी के कार्यकताओं ने इसे पुलिस की तानाशाही और अनावश्यक उत्पीड़न बताते हुए सड़क पर बैठ कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। लगभग एक घंटा बाद सुनील कुमार लोधी ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर ट्रेड डील को किसान विरोधी बताते हुए इसे तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाने की मांग की। ज्ञापन वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश चौधरी ने स्वीकार कर उसे



नेतृत्व में राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर बुधवार को दर्जनों कार्यकताओं ने बाइक रैली निकाली। जहांगीराबाद रोड चौराहे पर कस्बा चौकी इंचार्ज सौबरन सिंह मय भारी पुलिस बल तैनात मिले। उन्होने कार्यकताओं को बताया कि रैली प्रतिबंधित है अतः आप घर लौट जायें। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार लोधी और प्रधानमंत्री तक पहुंचा देने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपकर किसान यूनियन चढ़ूनी के कार्यकर्ता धरना समाप्त कर वापस लौट गए। इस अवसर पर सुनील कुमार लोधी, भूपेंद्र चौधरी रिंकू लोधी हरेंद्र प्रधान राधे लाल सोनपाल सिंह जोगेंद्र सिंह रघुवीर देवेन्द्र पंकज जगवीर सिंह आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

**आयोजन** संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान-परंपरा, संस्कृति और जीवन-दर्शन की आधारशिला है

# महाविद्यालय, के संस्कृत विभाग द्वारा व्याख्यान का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर (सौरभ वार्ष्णेय)।** नगर के डीपीबीएस महाविद्यालय, के संस्कृत विभाग द्वारा एक गरिमामय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जी.के. सिंह के संरक्षण एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर वाचस्पति मिश्र, पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ तथा आचार्य, संस्कृत विभाग, चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित किया।

अपने प्रेरणादायी व्याख्यान में प्रोफेसर वाचस्पति मिश्र ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान-परंपरा, संस्कृति और जीवन-दर्शन की आधारशिला है। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत तथा अन्य शास्त्रीय ग्रंथों में निहित ज्ञान आज भी मानवता के लिए उतना ही प्रासंगिक है जितना प्राचीन काल में था। उन्होंने विद्यार्थियों से संस्कृत के अध्ययन को केवल परीक्षा तक सीमित न रखकर इसे जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में संस्कृत के अध्ययन एवं शोध के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं और युवा पीढ़ी को इस दिशा में आगे बढ़कर भारतीय ज्ञान परंपरा के



संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जी.के. सिंह ने कहा कि अतिथि व्याख्यान विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम हैं। ऐसे कार्यक्रम छात्रों को विषय के विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उनकी ज्ञान-दृष्टि व्यापक होती है। उन्होंने संस्कृत विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता का अकादमिक वातावरण उपलब्ध हो सके।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मुख्य वक्ता से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल एवं सारगर्भित उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उपस्थित विद्यार्थियों ने व्याख्यान को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद बताया।

अंत में संस्कृत विभाग की ओर से मुख्य अतिथि का स्मृति-चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया तथा संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉक्टर लक्ष्मण सिंह ने आभार ज्ञापित करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सोहन आर्य ने किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत आयोजित वृक्षारोपण दिवस पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने वृहद स्तर पर पौधारोपण किया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं कई विद्यार्थियों ने ह्यपौधारोपण क्यों आवश्यक है विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रूपल रस्तोगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन, पर्यावरण और जलवायु संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उप प्रधानाचार्या शिखा गोयल ने बताया कि वृक्ष न केवल जीव-जंतुओं को आश्रय प्रदान करते हैं, बल्कि औषधीय एवं पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के अध्यक्ष डॉ संदीप रूहेला एवं प्रबंधिका रितु गोयल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वंशिका सहित शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।



# खेरली नहर में नहाते हुए बच्ची डूबी, खोजने के दूसरे दिन भी नहीं मिली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**ग्रेटर नोएडा (एन.जी.वर्मा)।** दनकौर कोतवाली बिलासपुर पुलिस चौकी के जयपुर गांव के निकट झुग्गी झोपड़ियां में रहने वाले परिवार की 8 वर्षीय ममता नमक बच्ची सोमवार की शाम को घूमते हुए नजदीक की खेरली नहर पर पहुंच कर वह नहाने लगी और नहाते समय वह बच्ची डूब गई काफी देर वापस न आने पर परिजनों मैं बच्चों को ढूंढा परंतु नहीं मिल पाई तो सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच कर नहर में खोजबीन की किंतु नहीं मिली मंगलवार की सुबह को एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता पुलिस पीएसी फायर ब्रिगेड एवं प्रशासनिक तहसीलदार लेखपाल आदि खेरली नगर पहुंचे किंतु खेरली नहर में सारे दिन मशक्कत करने के बाद भी बच्ची का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है उल्लेखनीय है खेरली नहर में आए दिन हादसे होते रहते हैं पिछले महीने भी एक महिला और कुछ ही दिन बाद एक युवक खेरली नहर में डूब कर मर गया जिनकी लाश पुलिस व एनडीआरएफ टीम द्वारा भारी मशक्कत करने पर कई दिन बाद गावँ हिरनौटी झाल में अटकी मिली। हालांकि प्रशासन ने यहां नहाने पर रोक लगाई हुई है किंतु नहर विभाग ने कोई चेतावनी बोर्ड अथवा नहर के दोनों ओर घाटों पर लोगों को नहाने से रोकने के लिए दाल नहीं लगाया हुआ है इसलिए लोग मानते नहीं है और अक्सर नहाते रहते हैं इसीलिए यह हद से होते रहते हैं और इस तरह खेरली नहर हादसों की नहर साबित होती जा रही है।

# पुस्तक मेले में विद्यार्थियों ने खरीदीं रियायती दरों पर पाठ्य पुस्तकें

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**मोदीनगर (अनवर खान)।** गोविंदपुरी स्थित महर्षि दयानंद इंटर कॉलज में बुधवार को एक दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों और अभिभावकों ने माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित पाठ्यपुस्तकों की खरीदारी कर रियायती दरों का लाभ उठाया। विद्यालय परिसर में आयोजित मेले का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण एवं मान्यता प्राप्त अध्ययन सामग्री मुहैया कराना था। मेले में कक्षा 9 से 12 तक के विभिन्न विषयों की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई गईं। पुस्तकों की खरीदारी के लिए दिनभर विद्यार्थियों और अभिभावकों की आवाजाही बनी रही।प्रधानाचार्या डॉ अंशु सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को सही और प्रमाणित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की पढ़ाई बिना किसी व्यवधान के संचालित हो सके। विद्यालय प्रशासन के अनुसार पुस्तक वितरण के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई थीं।

शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इस पहल को विद्यार्थियों के हित में उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को समय पर आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# गुलमोहर एन्क्लेव के स्विमिंग पूल में जमा गंदा पानी बना बीमारी का खतरा, निवासियों ने की तत्काल खाली कराने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में आरडब्ल्यूए की कथित लापरवाही के चलते स्विमिंग पूल में लंबे समय से जमा गंदा और ठहरा हुआ पानी अब डेंगू, मलेरिया व अन्य मच्छरजनित बीमारियों का खतरा पैदा कर रहा है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि पूल का पानी न तो निकाला जा रहा है और न ही उसकी नियमित सफाई कराई जा रही है।

स्थानीय निवासी गौरव बंसल ने इस संबंध में जिलाधिकारी गाजियाबाद, नगर निगम की 311 ऐप, मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल तथा एक्स ( ) के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने नगर निगम से सोसायटी में तत्काल फॉगिंग कराने और स्विमिंग पूल का पानी खाली कराकर आवश्यक सफाई व कीटनाशक उपचार कराने की मांग की है। गौरव बंसल का कहना है कि सोसायटी की आरडब्ल्यूए ने स्वयं एक महंगी फॉगिंग मशीन खरीद रखी है, लेकिन उसका उपयोग नहीं किया जा रहा। परिणामस्वरूप सोसायटी में मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि आसपास की अन्य सोसायटियों में मच्छरों के लार्वा मिलने के बाद भी आरडब्ल्यूए ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया।



उन्होंने आरोप लगाया कि इस गंभीर समस्या की जानकारी आरडब्ल्यूए सचिव तथा सोसायटी मैनेजर राहुल त्यागी को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे निवासियों में नाराजगी बढ़ रही है।

निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य को देखते हुए स्विमिंग पूल का गंदा पानी तुरंत खाली कराया जाए, पूरे परिसर में नियमित फॉगिंग कराई जाए तथा भविष्य में ऐसी लापरवाही रोकने के लिए आरडब्ल्यूए को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

# महा आरती का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति द्वारा मां शाकुंभरी देवी अड्डे वाला मंदिर मैं एक महा आरती का आयोजन किया गया जिसके मुख्य यजमान पुनीत गर्ग और विजय संगल सपरिवार रहे पंडित प्रदीप पांडे ने विधि विधान के साथ महा आरती कराई जिसमें आसपास के सभी भक्त जनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा माता रानी का गुणगान किया आरती के पश्चात सभी भक्तजनों को माता का प्रसाद और श्रृंगार का सामान भी वितरित किया गया और । सभी भक्त जनों ने समिति के पवित्र कार्य की प्रशंसा की अंत में संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह अमावस्या को संस्था द्वारा कराई जाती है। अंत में उन्होंने सभी भक्तजनों को धन्यवाद दिया इस मौके पर आदेश संगल ऊषा संगल प्रवीण बंसल महेश गर्ग अलका तायल मीनू पांडे नीतू बंसल खजांची वार्ष्णेय अजय गोयल आरती संगल सचिन गर्ग अंजलि गर्ग सुनील गोयल सुरेंद्र बंसल नीरज मित्तल सोनिया वर्मा कविता मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# बिलासपुर नगर पंचायत द्वारा वृक्षारोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**ग्रेटरनोएडा (एन.जी.वर्मा)।** प्रधानमंत्री व शासन के एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाने के निदेशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के जिला गौतम बुद्ध नगर अंतर्गत बिलासपुर नगर पंचायत क्षेत्र में चेयरमैन पति संजय भैया चेची के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया । इस दौरान चेयरमैनपति संजय भैया व सभासदों एवं नगर पंचायत कर्मचारियों तथा नगर के संभ्रांत व्यक्तियों ने सैकड़ों फल एवं छायादार पेड़ लगाकर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया।इस मौके पर संजय भैया चेची ने पेड़ कटान पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इस मुहिम का लक्ष्य अपनी मां और धरती मां के प्रति प्यार बढ़ाना है और कहां की पेड़ पौधों से हम सबको ऑक्सीजन मिलती है इस लिए हम लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करके जलवायु परिवर्तन हेतु पर्यावरण सुरक्षा तथा उनको संरक्षण देकर लोगों का जनजीवन बेहतर बनाने के प्रयास करने चाहिए।

नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा ने भी संजय भैया के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, 31 जुलाई तक करें आवेदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** अशोक कुमार वर्मा प्राचार्य ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्याम से अवगत कराया कि जवाहर नवोदय विद्यालय, अमीरपुर, बढ़ायला, पोस्ट कलछीना, गाजियाबाद, उ. प्रदेश में कक्षा-छः, सत्र 2027-28 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन पोर्टल खुल चुका है। जो अभ्यर्थी जिला गाजियाबाद के अन्तर्गत कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हो एवं जिला गाजियाबाद का निवासी हो।

**अभ्यर्थी की मुख्य पात्रता निम्नवत है-**

अभ्यर्थी कक्षा-3 एवं 4 किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय से पूरे शैक्षिक सत्र में अध्ययन एवं उतीर्ण किया हो। जो गाजियाबाद जिले में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो ।

गाजियाबाद जिले का वास्तविक निवासी हो।

पूर्व में आयोजित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी इसके पात्र नहीं हैं।

अभ्यर्थी का जन्म 01.05.2015 से 31.07.2017 के मध्य होना चाहिए।

आवेदन करने हेतु नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट NVS website- www.navodaya.gov.in अथवा "https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/ उन्होंने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 31.07.2026 ओर परीक्षा की तिथि- 28.11.2026

# स्टूडेंट्स में भौतिक विज्ञान पुस्तिका का निःशुल्क वितरण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** बुधवार को मेरठ रोड स्थित श्री शान्ति स्वरूप कृषि इण्टर कॉलेज में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान के छात्रों के बीच भौतिक विज्ञान पुस्तिका निःशुल्क वितरण किया गया। विद्यालय के भौतिकी प्रवक्ता डॉ0 अजय कुमार मित्तल ने बताया कि कक्षा 11 और 12 के भौतिक विज्ञान के छात्रों को स्व-लिखित प्रयोगात्मक पुस्तिका का निःशुल्क वितरण करते हैं। कालेज में आयोजित कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रभु दयाल जयन्त और मुख्य अतिथि के रूप में दीवान इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 मनोज कुमार द्वारा व लेखक और प्रकाशक के रूप में भौतिकी प्रवक्ता डॉ0 अजय मित्तल ने कक्षा 11 के 88 और कक्षा 12 के 140 छात्रों के बीच 200 से अधिक प्रयोगात्मक पुस्तिकाएँ बँटवाई। प्रयोगात्मक पुस्तिका पाकर सभी छात्र बहुत खुश हुए।

**भौतिकी प्रवक्ता ने 200 से अधिक पुस्तिकाओं का वितरण किया**




डॉ0 मित्तल के अनुसार विद्यालय में गरीब घर के छात्र भी पढ़ते हैं,जो महँगी प्रयोगात्मक पुस्तक नहीं खरीद पाते हैं,इसलिए कोरोना काल से वे प्रतिवर्ष सभी बच्चों को विद्यालय में होने वाले प्रयोगों से संबंधित पुस्तिका स्वयं छपवाकर छात्रों के बीच निःशुल्क वितरित करते हैं तथा प्रयास करते हैं कि एक भी छात्र स्वयं को पुस्तक विहीन अनुभव ना करे। यह पुस्तक दीवान इण्टर कॉलेज के छात्रों को भी वितरित की जाती है।

डॉ0 मनोज कुमार ने डॉ0 मित्तल के इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए सभी छात्रों से भौतिक विज्ञान जैसे रोचक विषय को प्रयोगों के माध्यम से स्वयं करते हुए समझने और इस पुस्तिका के महत्व को सार्थक सिद्ध करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में प्रधानाचार्य प्रभु दयाल जयंत ने डॉ0 मित्तल के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए उनके द्वारा अन्य विद्यालयों में भी किये जाने वाले योगदान की प्रशंसा की और छात्रों से प्रयोगशाला में नियमित उपस्थित रहने और मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया।

# आई.टी.एस. कालेज की मेधावी छात्राओं को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण पदक एवं रजत पदक से किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** लखनऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्याल के धनवंतरी ऑडिटोरियम चरक सम्मेलन केन्द्र में बुधवार को आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति, माननीय राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा आई.टी.एस. कॉलेज मुरादनगर की मेधावी छात्राओं को विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट एकेडमिक प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक एवं रजत पदक से सम्मानित किया गया। जिसमें एम.पी.टी. पाठ्यक्रम 2023 बेंच की छात्रा इल्मा अशरफ ने 84.7 अंक प्राप्त करके स्वर्ण पदक एवं केतन सिरोही ने 77.4 अंक के साथ रजत पदक एवं एम.डी.एस. बैच 2022-25 परीक्षा 2025 में ओरल सर्जरी विभाग, डॉ विद्या अय्यर ने रजत पदक, ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग, डॉ अचोम उमा देवी ने रजत पदक प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया।इस ऐतिहासिक उपलब्धि से आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज एवं फिजियोथेरेपी कॉलेज ने विश्वविद्यालय के द्वितिय दीक्षांत समारोह में अपनी शैक्षिणक श्रेष्ठता का परिचय दिया है। यह सफलता संस्थान की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, छात्र-छात्राओं की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एकीकृत रक्षा स्टाफ, रक्षा मंत्रालय के उप प्रमुख सर्जन वाइस एडमिरल कृष्ण एम. अधिकारी रहे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण मंत्री ब्रजेश पाठक तथा राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिए। इस अवसर पर आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी और आई.टी.एस. फिजियोथेरेपी कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद के सदस्य डॉ एम. थंगराज को भी आमंत्रित किया गया।

**कार्यक्रम** कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया

# स्कूल चलो अभियान-2026-27 के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम आयोजित, सर्वाधिक नामांकन वाले विद्यालयों को किया गया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में "स्कूल चलो अभियान-2026-27" के अंतर्गत पीएम प्राथमिक विद्यालय, कविनगर में जनपद स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय विधायक अजीत पाल त्यागी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत मुख्य अतिथि अजीत पाल त्यागी ने वृक्षारोपण किया। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक बुद्ध प्रिय सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत विद्यालय वापसी एवं नामांकन जागरूकता के उद्देश्य से स्कूल चलो रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पीएम श्री कवि नगर विद्यालय से सरस्वती वंदना ,कंपोजिट विद्यालय डासना गेट से राजस्थानी नृत्य, तथा खोड़ा विद्यालय लोनी से मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। पीएम श्री विद्यालय मोरटी के बच्चों ने बैंड की मधुर धुनों से समां बांध दिया।

समारोह में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव एवं जिला विद्यालय निरीक्षक बुद्ध प्रिय सिंह द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया तथा सभी बच्चों को नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अजीत पाल त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि "शिक्षा ही वह सबसे सशक्त माध्यम है, जो समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है। 'स्कूल चलो अभियान' प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प है। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।" उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया तथा "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों के साथ अध्ययन कर देश का जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।जिला विद्यालय निरीक्षक बुद्ध प्रिय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को प्रेरणादायक वातावरण उपलब्ध कराने तथा अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव ने कहा कि "स्कूल चलो अभियान-2026-27" का उद्देश्य जनपद के प्रत्येक बच्चे का शत-प्रतिशत नामांकन, नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, बैग सहित अनेक छात्रहितकारी योजनाओं का लाभ बच्चों तक पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों से घर-घर संपर्क कर विद्यालय से वंचित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान किया तथा विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता, विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का प्रभावी एवं गरिमामय संचालन पूनम शर्मा ने किया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित एवं आकर्षक ढंग से संचालित किया।








समारोह में सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी विकास बघेल, जिला समन्वयक अनुभव गुप्ता,डॉ राकेश,सिंपल चौधरी, रुचि त्यागी, विजय बघेल, टिंकू कंसल, शिक्षक संघ से अमित विक्रम गोस्वामी, राजकुमार, शिक्षक-शिक्षिकाएँ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, अनुशासन एवं जनसहभागिता का उत्कृष्ट वातावरण देखने को मिला। अंत में सभी उपस्थित जनों ने शिक्षा के प्रसार, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने का सामूहिक संकल्प लिया।

# गांव पनेहरा में बिजली संकट पर फूटा गुस्सा तहसील पर प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** अतरौली क्षेत्र के गांव पनेहरा में पिछले कई दिनों से जारी भीषण बिजली संकट, लो-वोल्टेज और कनिष्ठ अभियंता जेई की तानाशाही के खिलाफ आज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के संस्थापक जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में भारी संख्या में पहुंचे गांव पनेहरा के पीड़ित किसानों और ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और संबंधित अधिकारियोंकृनायब तहसीलदार अतरौली रविशंकरएवं एसडीओ अतरौली प्रदुम्न प्रजापति को ज्ञापन प्रेषित किया। जितेंद्र शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा कि एसडीओ के फोन करने के बाद विभाग की कार्रवाई पर मोर्चा की पैनी नजर है। यदि आगामी 3 कार्य दिवसों के भीतर गांव पनेहरा की बिजली समस्या का स्थाई समाधान धरातल पर नहीं हुआ, तो मोर्चा समस्त ग्रामीणों के साथ अधिशासी अभियंता अतरौली कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को नगर निगम परिवार ने दी भावभीनी विदाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त के पद पर कार्यरत पी.सी.एस. अधिकारी वीर सिंह का शासन के आदेशानुसार उप जिलाधिकारी, रायबरेली के पद पर स्थानांतरण होने पर नगर निगम सभागार में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। सभी ने श्री वीर सिंह के सफल कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि श्री वीर सिंह ने नगर निगम अलीगढ़ में अपने कार्यकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ दायित्वों का निर्वहन किया उनकी कार्यशैली सदैव अनुशासित पारदर्शी एवं जनहित के प्रति समर्पित रही उन्होंने निगम प्रशासन को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जिसे सदैव याद रखा जाएगा। विदाई समारोह में भावुक होते हुए सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह ने कहा कि नगर निगम अलीगढ़ में बिताए गए मेरे 2 वर्ष 5 माह का कार्यकाल मेरे प्रशासनिक जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा। ऐसा लगा मानो समय पंख लगाकर उड़ गया। इस अवधि में मुझे नगर आयुक्त श्री प्रेम प्रकाश मीणा का सतत मार्गदर्शन, सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आत्मीय स्नेह प्राप्त हुआ यही सहयोग मेरी कार्यशैली की सबसे बड़ी शक्ति रहा।

समारोह के अंत में नगर आयुक्त एवं निगम अधिकारियों ने श्री वीर सिंह को स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके सफल एवं उज्ज्वल प्रशासनिक भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। इस अवसर पर राकेश कुमार यादव सहायक नगर आयुक्त तपस्या यादव मुख्य अभियंता वीके सिंह महाप्रबंधक जल पीके सिंह प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी रामानंद त्यागी अधिशासी अभियंता अजय कुमार सक्सेना कर निर्धारण अधिकारी आशीष सेठ सहित नगर निगम के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# युवती ने किया सुसाइड, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** बरला थाना क्षेत्र मेंयुवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने आरोप लगाया है कि घटना से पहले युवती ने अपने पिता को फोन कर बताया था कि उसे धमकियां दी जा रही हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथरस के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव सिंहपुर निवासी 23 वर्षीय पिंकी पातीराम ने अपनी बहन की ससुराल में फांसी लगाकर आतम हत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, पिंकी 20 जून 2026 से अलीगढ़ के बरला थाना क्षेत्र के मुढ़ेल में अपनी बहन के घर रह रही थी। वह बहन के घर चल रहे निर्माण कार्य में मदद के लिए वहां ठहरी हुई थी। बताया गया है कि घटना से कुछ समय पहले पिंकी के पिता पातीराम और उसकी बहन के ससुर बनवारी लाल के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। परिजनों का कहना है कि इसी विवाद के बाद घर का माहौल तनावपूर्ण हो गया था। आरोप है कि मंगलवार, 14 जुलाई 2026 की शाम करीब 5 बजे पिंकी ने अपने मोबाइल फोन से पिता को कॉल कर बताया कि उसे धमकियां मिल रही हैं और वह मानसिक दबाव में है। परिजनों के अनुसार, इस बातचीत के कुछ ही समय बाद पिंकी ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक पिंकी की मौत हो चुकी थी। युवती की मौत से परिवार गहरे सदमे में है। पिंकी तीन बहनों में से एक थी। उसकी बड़ी बहन हेमा और दूसरी बहन कुसुमा की शादी वर्ष 2016 में हो चुकी है और वे मुढ़ेल गांव में रहती हैं।

# एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष के बयान पर विहिप-बजरंग दल ने कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकताओं ने मंगलवार देर रात दिल्ली गेट थाने पहुंचकर एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष यामीन अब्बासी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन का आरोप है कि उनके हालिया सार्वजनिक बयान सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं।

विहिप के धर्म प्रचार-प्रसार प्रमुख अंकुर शिवाजी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि अलीगढ़ सांप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील जिला है, इसलिए सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को अपने बयानों में संयम बरतना चाहिए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि यामीन अब्बासी ने अंतरधार्मिक विवाह, धर्म परिवर्तन तथा विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर सार्वजनिक टिप्पणी की है।

कार्यकताओं ने पुलिस प्रशासन से संबंधित बयान के वीडियो और ऑडियो की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उनका कहना है कि यदि जांच में कोई आपत्तिजनक तथ्य सामने आते हैं तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक मंचों या सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास न कर सके, इसके लिए प्रशासन को सख्त और प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएगा। वहीं, दिल्ली गेट थाना पुलिस ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# रेलवे सुरक्षा बल ने बिहार ले जा रही अंग्रेजी शराब समेत तीन अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की संयुक्त टीम ने अलीगढ़ जंक्शन पर की गई कार्रवाई में हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही 36,000 मूल्य की 30 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर 3 तस्करों को गिरफ्तार किया गया।प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, प्रयागराज एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, प्रयागराज के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन सतर्क के अंतर्गत दिनांक 15 जुलाई 2026 को आरपीएफ पोस्ट अलीगढ़ और जीआरपी अलीगढ़ की टीम ने संयुक्त चेकिंग की। चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-7, टूंडला एंड स्थित स्टेशन साइन बोर्ड के पास 3 संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से लिखी 30 बोतल अंग्रेजी शराब और रुपए 1,640 नकद बरामद हुए। बरामद शराब की अनुमानित कीमत रुपए 36,000 बताई गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे हरियाणा से सस्ती शराब खरीदकर अलीगढ़ के रास्ते दिल्ली ले जाते थे। वहां से बिहार जाने वाली ट्रेनों के जरिए शराब को बिहार पहुंचाकर महंगे दामों पर बेचते थे। इस तरह वे लंबे समय से अंतर्राज्यीय अवैध शराब तस्करी कर रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना जीआरपी अलीगढ़ जंक्शन आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब इनके आपराधिक इतिहास और तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की जांच कर रही है।आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि सतर्कता और आपसी समन्वय से एक संगठित तस्करी नेटवर्क को समय रहते पकड़ा गया। रेलवे परिसर में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ट्रक की टक्कर से डेयरी संचालक की इलाज के दौरान मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** हरदुआगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से 35 वर्षीय डेयरी संचालक की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक ने जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार, बरौठा गांव निवासी 35 वर्षीय आलोक कुमार 14 जुलाई की दोपहर करीब 12 बजे हरदुआगंज नहर किनारे पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ पहुंचाया गया, जहां 14/15 की देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) अलीगढ़ इकाई के जिलाध्यक्ष ठा. संगम सिंह के नेतृत्व में भारत-अमेरिका प्रस्तावित मुक्त व्यापार (फ्री ट्रेड) समझौते के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन भेजा गया ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड समझौता देश के किसानों, खेत मजदूरों, पशुपालकों, छोटे व्यापारियों और लघु उद्योगों के हितों के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकता है। संगठन का आरोप है कि इस समझौते से भारतीय कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और देश की आर्थिक संप्रभुता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने मांग की है कि केंद्र सरकार इस प्रस्तावित समझौते को तत्काल प्रभाव से निरस्त करे तथा किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा सुनिश्चित करे संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती है, तो देशव्यापी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।



### जैव प्रौद्योगिकी से सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति पर डा. सोनी सिंह की पुस्तक का हुआ विमोचन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी एवं जीवन विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डा. सोनी सिंह द्वारा लिखित पुस्तक "बायोटेक्नोलॉजी-ड्रिवेन सॉल्यूशन्स फॉर अचिविंग द एसडीजीज" का विमोचन किया गया। विमोचन कुलपति प्रो. पीके दशोरा, कुलसचिव कमांडर मनोज के. (सेवानिवृत्त), परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा, प्रो. आरके शर्मा, प्रो. अनुराग शाक्य तथा डा. लव मित्तल ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने लेखिका को पुस्तक के लिए बधाई दी। कुलपति ने कहा कि वर्तमान समय में सतत विकास वैश्विक प्राथमिकता बन चुका है। ऐसे में जैव प्रौद्योगिकी आधारित वैज्ञानिक समाधान भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी उत्तर प्रस्तुत करते हैं।



उन्होंने कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों, शोधार्थियों और वैज्ञानिक समुदाय के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में शोध को नई गति प्रदान करेगी। पुस्तक की लेखिका डा. सोनी सिंह ने बताया कि पुस्तक का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में जैव प्रौद्योगिकी की भूमिका को वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करना है। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक विद्यार्थियों, शोधार्थी, शिक्षकों तथा जैव प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान एवं सतत विकास के क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

### मोहन भागवत के बयान का राहत अबरार ने स्वागत किया

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत द्वारा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के संस्थापक सर सैयद अहमद खान पर दिए गए बयान का एएमयू के पूर्व जनसंपर्क अधिकारी और उर्दू अकादमी के पूर्व निदेशक राहत अबरार ने स्वागत किया है। उन्होंने मंगलवार शाम 14 जुलाई 2026 को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में कहा कि सर सैयद के विचारों पर चर्चा समाज के लिए एक सकारात्मक संकेत है। राहत अबरार ने बताया कि मोहन भागवत के बयान से यह संदेश जाता है कि सर सैयद अहमद खान के योगदान को व्यापक स्तर पर समझने और जानने की आवश्यकता है।

# पूर्व महापौर का आमिर खान पर हिंदू भावनाओं को आहत करने का दावा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** भाजपा की पूर्व महापौर शकुंतला भारती ने अभिनेता आमिर खान पर हिंदू समाज की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आमिर खान पर हिंदू बेटियों के प्रति कथित रूप से गलत सोच रखने का भी आरोप लगाया और उनकी फिल्मों के बहिष्कार की अपील की।

शकुंतला भारती ने कहा कि आमिर खान एक बड़े कलाकार हैं, लेकिन उनके कथित आचरण और गतिविधियों को लेकर समाज में असंतोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि अभिनेता हिंदू बहन-बेटियों की अस्मिता और भावनाओं को प्रभावित कर रहे हैं। भारती के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति अपनी लोकप्रियता का उपयोग समाज को बांटने या किसी वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए करता है, तो उसकी आलोचना की जानी चाहिए। पूर्व महापौर ने अपने बयान में तथाकथित लव जिहादष का भी उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आमिर खान के संबंध ऐसे लोगों से हैं, जो हिंदू बेटियों को प्रभावित कर उनका धर्म परिवर्तन कराना चाहते हैं। भारती ने इसे समाज और देश के लिए चिंताजनक विषय बताया। हालांकि, उन्होंने अपने आरोपों के समर्थन में कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत नहीं किया।

# ब्रूनेल विश्वविद्यालय लंदन से एएमयू की शिक्षिका को लोक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर उपाधि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. समीना अहमद को यूनाइटेड किंगडम के ब्रूनेल विश्वविद्यालय लंदन द्वारा लोक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर (एमपीएच) उपाधि प्रदान की गई। उन्हें यह उपाधि 14 जुलाई को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रदान की गई।

डॉ. समीना अहमद ने एएमयू में अपनी शैक्षणिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त एमपीएच पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से उन्होंने महामारी विज्ञान, जैव-सांख्यिकी, स्वास्थ्य संवर्धन, स्वास्थ्य नीति, अनुसंधान पद्धति तथा वैश्विक लोक स्वास्थ्य जैसे विषयों का उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिससे लोक स्वास्थ्य शिक्षा, अनुसंधान और सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता और सुदृढ़ हुई है।



इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए सामुदायिक चिकित्सा विभाग की अध्यक्ष प्रो. उज्मा इरम ने कहा कि यह उपलब्धि डॉ. समीना अहमद की शैक्षणिक उत्कृष्टता और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे विभाग की शिक्षण, अनुसंधान तथा लोक स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी। डॉ. समीना अहमद ने इस अवसर पर प्रो. उज्मा इरम, अपने मार्गदर्शकों, सहकर्मियों, मित्रों और परिवार के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन से ही वह यह उपलब्धि हासिल कर सकीं। डॉ. समीना अहमद ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से ही एमबीबीएस तथा सामुदायिक चिकित्सा में एमडी की उपाधियां प्राप्त की हैं। वर्तमान में वह जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के शिक्षण, अनुसंधान तथा सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं।

## सौंपा ज्ञापन

## अवैध खनन, अवैध बूचड़खानों, अवैध डेयरियों, अवैध वसूली एवं अवैध होटलों के...

# विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** भारतीय किसान जागरूक युवा संगठन (लता ठाकुर) एवं जी एन एन गौ रक्षा दल उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने जनहित, गौ संरक्षण एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक श्री हेमंत जी को ज्ञापन सौंपकर प्रभावी एवं निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की ज्ञापन में अलीगढ़ मंडल एवं जनपद अलीगढ़ में संचालित अवैध खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने, खनन माफियाओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने तथा अवैध डेयरियों की जांच कर दूध उत्पादन बंद होने के बाद गौवंश को बेसहारा छोड़ने वाले डेयरी संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई प्रतिनिधिमंडल ने गौ रक्षा के नाम पर अवैध वसूली करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसे लोग वास्तविक गौ सेवकों की छवि को धूमिल कर रहे हैं। साथ ही अलीगढ़ मंडल में संचालित अवैध बूचड़खानों को बंद कराने, खुले में मांस विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने तथा नियमों के विपरीत संचालित अवैध ओयो होटल एवं अन्य होटलों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किए जाने की भी मांग की गई संगठन ने कहा कि उपरोक्त सभी मांगें जनहित, गौ संरक्षण, कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाई गई हैं। यदि निर्धारित समयावधि में प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती है, तो भारतीय किसान जागरूक युवा संगठन (लता ठाकुर) लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगा इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि ललेश उपाध्याय ने कहा कि संगठन सदैव कानून का सम्मान करते हुए जनहित



एवं गौ संरक्षण से जुड़े मुद्दों को प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाता रहेगा तथा समाजहित में निरंतर कार्य करता रहेगा ज्ञापन कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक श्री हेमंत जी को सौंपा गया। इस दौरान भुजपुरा चौकी प्रभारी श्री नितिन चौधरी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।ज्ञापन सौंपने के अवसर पर नूर बानो, गौ सेवक ललेश उपाध्याय राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि लता ठाकुर भाकियू जागरूक युवा संगठन,गौ सेवक पंकज कुमार, गौ सेवक दीपक शर्मा, समाजसेवी डॉ. प्रेमशंकर उपाध्याय, हिमांशु, शाहरुख खान, फहिदा परवीन सहित भारतीय किसान जागरूक युवा संगठन (लता ठाकुर) एवं जी एन एन गौ रक्षा दल उत्तर प्रदेश के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इंडोर गेम्स प्रतियोगिता में उभरी नन्हे खिलाड़ियों की प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** फूड वैली सभागार में आयोजित लूडो प्रतियोगिता में बच्चों ने पूरे उत्साह और



खेल भावना के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने बेहतर रणनीति, धैर्य और सूझबूझ का परिचय दिया। आयोजन में बड़ी संख्या में अभिभावकों की मौजूदगी से बच्चों का उत्साह भी बढ़ा। प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में अवनीका अग्रवाल ने प्रथम, अनमोल ने द्वितीय तथा दिशानी मित्तल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-19 वर्ग में संस्कार गोयल ने पहला, वीनीश ने दूसरा और वासु रुहेला ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य बच्चों को भी सहभागिता पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। आयोजक हिमानी बंसल और पायल बंसल ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को डिजिटल उपकरणों की बजाय रचनात्मक और बौद्धिक खेलों से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि लूडो जैसे इंडोर खेल बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता, धैर्य और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।प्रतियोगिता में युवान गर्ग, देवांश शर्मा, अनिका गुप्ता, काव्या, प्रथम मंगल, अनन्या बंसल, कियांश, प्रियांशी अग्रवाल, भव्या मित्तल, आरव गर्ग, कुशाग्र कौशिक, आरीन जावेद, हर्षित गुप्ता सहित अनेक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# स्कूल चलो अभियान-द्वितीय चरण : चेयरमैन व विधायक ने स्कूल चलो रैली को हरी झंडी दिखाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** बुधवार को बेसिक शिक्षा परिषद अंतर्गत स्कूल चलो अभियान एवं प्रवेश उत्सव के द्वितीय चरण के कार्यक्रम का आयोजन महेंद्र सिंह डिग्री कालेज गढ़मुक्तेश्वर में किया गया। जिसमें विद्यालयों में सर्वाधिक नामांकन कराने के लिए प्रधानाध्यापकों को

- **जिले में एक भी बच्चा शिक्षा प्राप्त करने से वंचित नहीं रहे:रेखा नागर**
- **समाज के निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है:हरेन्द्र**
- **विद्यालय में सर्वाधिक नामांकन कराने के लिए प्रधानाध्यापकों को किया सम्मानित**

अतिथियों व अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर,विशिष्ट अतिथि विधायक गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र तेवतिया,जिला मंत्री भाजपा पिंकी त्यागी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। जिसके उपरांत बीएसए ने अतिथियों स्वागत किया।

कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी ने आयोजन उद्देश्य एवं लक्ष्यों से अवगत कराया गया। कि 6 से 14 आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे का







नामांकन विद्यालय में कर जनपद में शत प्रतिशत नामांकन के लक्ष्य को पूरा करना है,ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित में रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर द्वारा साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनप्रतिनिधि एवं समाज की भागीदारी की आवश्यकता को बताया गया। प्रदेश सरकार उद्देश्य साक्षरता दर को बढ़ाना है।

विधायक हरेंद्र तेवतिया ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में अलग प्रतिभा होती है और शिक्षक उसको निखारने का काम करते हैं। इसलिए समाज के निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है।

कार्यक्रम में विद्यालय में सर्वाधिक नामांकन कराने के लिए प्रत्येक ब्लॉक से दो प्रधान अध्यापक को सर्टिफिकेट प्रदान कर अतिथि गणों द्वारा सम्मानित किया गया। गढ़मुक्तेश्वर से प्राथमिक विद्यालय बहादुरगढ़ के प्रधानाध्यापक विशाल कुमार व प्राथमिक विद्यालय शाहपुर चौधरी के प्रधानाध्यापक लताफत अली। सिंभावली ब्लॉक से प्रधानाध्यापक मोहम्मद जफर व गुलशन रिफत धौलाना ब्लॉक से मोहम्मद तारिक आदि को नामांकन वृद्धि में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए रैली का शुभारंभ कराया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा व अंजू आजाद द्वारा किया गया।

इस अवसर खंड शिक्षा अधिकारी देशराज वत्स, मनोज कुमार,योगेश गुप्ता व पंकज चतुर्वेदी,एसआरजी भरत शर्मा जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा व ब्लॉक व्यायाम शिक्षिका सरिता चौधरी,एआरपी आकिब बिलाल, अभिमन्यु, कुलदीप कुमार,ब्लॉक मंत्री योगेंद्र कुमार, नीलम शर्मा,सरस्वती बिना सिंह,सोनीका,नीलम त्यागी,मानसी अरोड़ा,बृजेश,ललित, नरेंद्र,अमित व अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# ब्लाक प्रमुख निशांत शिशोदिया का सार्थक प्रयास, धौलाना को मिली विकास के लिये 25 करोड़ की सौगात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** धौलाना क्षेत्र के विकास को नई गति देने वाली बड़ी सौगात शासन स्तर से स्वीकृत हुई है। युवा भाजपा के कद्दावर नेता और धौलाना ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया के प्रस्ताव पर अल्पसंख्यक विभाग, उत्तर प्रदेश ने क्षेत्र

**बनेगा आधुनिक खेल स्टेडियम , धौलाना व पिलखुवा में बनेंगे दो भव्य ऑडिटोरियम**

की तीन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इनमें ग्राम धौलाना में 25 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक खेल स्टेडियम, धौलाना ब्लॉक परिसर में 5 करोड़ रुपये की लागत से भव्य ऑडिटोरियम तथा पिलखुवा नगर में 6.30 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाएगा।

स्वीकृति की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने इसे धौलाना के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए ब्लाक प्रमुख की सराहना की। लोगों का कहना है कि धौलाना में पहले भी कई ब्लाक प्रमुख रहे, लेकिन क्षेत्र के लिए इतनी बड़ी विकास योजनाएं पहली बार स्वीकृत हुई हैं। उनका मानना है कि इन परियोजनाओं से युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच मिलेगा, वहीं सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए आधुनिक ऑडिटोरियम उपलब्ध होंगे।

वही ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया ने कहा कि धौलाना क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका संकल्प है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं की



स्वीकृति के लिए उन्हें धौलाना से लेकर लखनऊ तक लगातार प्रयास करने पड़े। शासन और विभागीय अधिकारियों के समक्ष क्षेत्र की आवश्यकताओं को मजबूती से रखा गया, जिसके परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण स्वीकृति मिली। क्षेत्रवासियों का कहना है कि ब्लाक प्रमुख लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहे हैं और उनकी कार्यशैली की चर्चा गांव-गांव तथा गली-मोहल्लों में हो रही है। लोगों ने उम्मीद जताई कि इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से धौलाना क्षेत्र की पहचान प्रदेश के विकसित क्षेत्रों में होगी और युवाओं को खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए नया आयाम मिलेगा।

# जिले में परिवहन विभाग ने नीलामी में बेचे 119 वाहन, प्राप्त किये 27.72 लाख: रमेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद में परिवहन विभाग ने धारा निरुद्ध वाहनों की बड़ी नीलामी दो चरणों में की गयी। जिसमें विभाग ने 119 वाहनों को बेचकर कुल 27.72 लाख रुपये की आय हुई। नीलामी में 17 बोलीदाता शामिल हुए थे। सहायक सम्भागीय अधिकारी प्रवर्तन रमेश चंद चौके ने बताया कि बुधवार को

**नीलामी में करीब 17 बोलीदाता शामिल हुए थे**

उपजिलाधिकारी रेनू की अध्यक्षता में कार्यालय परिसर में 6 थानों - बाबूगढ़, गढ़मुक्तेश्वर, कोतवाली नगर,पिलखुवा,धौलाना और हाफिजपुर में निरुद्ध कुल 119 वाहनों की नीलामी हुई। नीलामी में 17 बोलीदाता शामिल हुए। इससे अधिकतम बोली के रूप में 16.76 लाख रुपये प्राप्त हुए।

अपर परिवहन आयुक्त लखनऊ के आदेश पर 45 दिन से अधिक समय से निरुद्ध 17 वाहनों की नीलामी उप परिवहन आयुक्त मेरठ परिक्षेत्र हरिशंकर सिंह की अध्यक्षता में



की गई। इसमें 13 बोलीदाताओं ने भाग लिया और 10.96 लाख रुपये की बोली लगी।

नीलामी में क्षेत्राधिकारी यातायात जितेंद्र शर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन छवि सिंह चौहान,यात्रीकर अधिकारी प्रीति पाण्डेय,यातायात निरीक्षक नरेश कुमार,प्रधान लिपिक राम आसरे तिवारी,प्रधान सहायक सत्य प्रकाश सहित परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प, विद्यालय परिसर में लगाए पौधे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** एंजेल इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन ने परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर हरित वातावरण के संरक्षण का संदेश दिया।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पौधों के महत्व और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानाचार्या डॉ. हिमानी शर्मा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया।
विद्यालय के प्रबंधक सौरभ गुप्ता ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों का बोध कराना भी है। निदेशक आयुषी गुप्ता ने कहा कि प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के लिए विद्यालय समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।
कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और पौधों की नियमित देखभाल का सामूहिक संकल्प लिया।

# आईटीआई में विश्व युवा कौशल दिवस पर नवाचार को मिला मंच, मेधावियों का सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में

**विधायक बोले– हुनरमंद युवा ही देश की सबसे बड़ी ताकत**

तकनीकी शिक्षा, नवाचार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में युवाओं के लिए कौशल विकास समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिस युवा के पास हुनर होगा, वही भविष्य में अपनी अलग पहचान बना सकेगा।इस अवसर पर संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं का रोजगार स्थापित करने वाले चार प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र देकर





सम्मानित किया गया। साथ ही राज्य स्तरीय 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु और उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट विषय पर उत्कृष्ट भाषण देने वाले छात्र को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न ट्रेडों के छात्र-छात्राओं ने तकनीकी मॉडल, उपकरण और नवाचार आधारित परियोजनियों की प्रदर्शनी लगाई। विधायक ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि तकनीकी संस्थान युवाओं को रोजगार के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कौशल विकास योजनाएं युवाओं को रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और अधिक से अधिक युवाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान जीएस राणा, पूर्व जिला मंत्री पवन त्यागी, जिला समन्वयक एवं नोडल प्रधानाचार्य नीरज कुमार, प्रधानाचार्य नितिन कुमार, प्रधानाचार्य गौरव चौधरी, जिला सेवायोजन अधिकारी संतोष सिंह, संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**मांग** | **हरित पट्टी पर पार्किंग और तीन शेड से घेराबंदी करते हुए बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा**

# देहरा गंग नहर हरित पट्टी पर किए गये अवैध कब्जों को हटाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । देहरा गंग नहर के किनारे यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र स्थित हरित पट्टी पर पार्किंग और टीन शेड से कवर कर फैक्ट्री बनाकर व्यापक स्तर अवैध कब्जा किया जाने का मामला प्रकाश में आया

- **हरित पट्टी पर अवैध कब्जा होने से गंग नहर का बिगड़ जाएगा स्वरूप**
- **अवैध कब्जा कर फैक्ट्री किराए पर चढ़ाने का आरोप**

है । जिससे गंग नहर के दोनों किनारे सहित हरित पट्टी तो नेस्तनाबूद कर दी गई वही गंग नहर का स्वरूप बिगड़ने की आशंका बालवित होने लगी है । जिससे बरसाती दिनों में पानी गांव की तरफ रुख कर बड़ी त्रासदी का कारण बन सकता है । लेकिन चंद लालच में कुछ उधमी प्रकृति से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे । पूर्व में सिंचाई विभाग ने





अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई हेतु मांग भी की थी लेकिन नतीजा सिफर ही रहा । बेखौफ दबंग अवैध कब्जा कर फैक्ट्री पार्किंग निर्माण कर किराए पर दे खुलेआम मोटी रकम वसूली कर रहे है और वही । स्थानीय प्रशासन जानते हुए भी मौन साधे हुए है । एक समाज सेवी की बार बार शिकायत के बाद भी हरित पट्टी सिंचाई विभाग की जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटाया जा रहा । जिस पर समाज सेवी ने हाईकोर्ट का रुख किया है । जिससे गंग नहर और उसकी हरित पट्टी का संरक्षण हो सके ।वही मामले में धौलाना तहसीलदार प्रवेश कुमार ने कहा की अभी उनके संज्ञान में इस तरह का कोई मामला नहीं आया है । यदि ऐसा हो रहा है तो जांच कर उचित कार्रवाई तय की जाएगी ।

# शासन से मिली मंजूरी, पिलखुवा में बनेगा बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगरवासियों को जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम की सौगात मिलने जा रही है। करीब 6.30 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद नगर पालिका परिषद

**पालिका अध्यक्ष बोले– नगर के विकास की नई शुरूआत, कई और परियोजनाएं भी प्रस्तावित**

परिसर में खुशी जताते हुए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं पालिका अधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल का अभिनंदन किया। पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने कहा कि ऑडिटोरियम का निर्माण नगर के विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। इसके बनने से सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शैक्षिक गतिविधियों, सामाजिक आयोजनों, सेमिनार और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए आधुनिक सुविधाओं वाला सभागार उपलब्ध होगा, जिससे लोगों को बाहर के शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि नगर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से कई अन्य विकास योजनाओं के प्रस्ताव भी शासन को भेजे गए हैं। इन पर भी जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आने वाले समय में पिलखुवा को कई नई परियोजनाओं की सौगात मिलेगी।कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह,



सभासद लोकेश प्रजापति, प्रदीप तेवतिया, सचिन पुंडीर, कमल कंसल, श्रवण तोमर, भोलेराम शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे पति के आर्मी नंबर 14535157 - सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम की स्पैलिंग INDERESH व, मेरी जन्मतिथि 05/08/1961 दर्ज है जो गलत है जबकि मेरे आधारकार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नाम की स्पैलिंग INDRESH व जन्मतिथि 01/01/1961 दर्ज है जो सही एवं सत्य है। भविष्यमें सही माना जाए।

**इन्द्रेश पत्नी स्वर्गीय ओमपाल सिंह निवासी ग्राम भड़गपुर हापुड़**

## सम्पादकीय


# डिजिटल स्कैम से रहें सावधान



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

आज के डिजिटल युग में व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। लेकिन इनके बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर अपराधों और डिजिटल स्कैम के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। लगभग हर दिन किसी न किसी व्यक्ति का सोशल मीडिया अकाउंट हैक होने या उसके नाम पर लोगों से पैसे मांगने की घटनाएं सामने आती हैं। साइबर ठग सबसे पहले किसी व्यक्ति का व्हाट्सऐप, फेसबुक या इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने का प्रयास करते हैं। इसके बाद वे उसी व्यक्ति के नाम और पहचान का इस्तेमाल करते हुए उसके मोबाइल कॉन्टैक्ट और सोशल मीडिया मित्रों को संदेश भेजते हैं। इन संदेशों में अक्सर किसी आपात स्थिति, बीमारी, दुर्घटना या अन्य बहाने का हवाला देकर तुरंत वढक्‌ दफकोड या बैंक खाते में पैसे भेजने की मांग की जाती है। ऐसे संदेश देखने पर अधिकांश लोग परिचित का नाम देखकर बिना पुष्टि किए पैसे भेज देते हैं और बाद में पता चलता है कि संबंधित व्यक्ति का अकाउंट हैक हो चुका था।

कैसे करें पहचान?




यदि कोई परिचित अचानक ऑनलाइन पैसे मांगने लगे तो सतर्क हो जाएं।

पैसे भेजने से पहले संबंधित व्यक्ति को फोन करके या किसी अन्य माध्यम से संपर्क कर पुष्टि अवश्य करें।

केवल चैट या सोशल मीडिया संदेश के आधार पर किसी भी वढक आईडी या दफकोड पर भुगतान न करें।

संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और किसी के साथ डळढ, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें।

अपने सभी सोशल मीडिया खातों पर मजबूत पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) का उपयोग करें।

यदि अकाउंट हैक हो जाए तो क्या करें?

तुरंत पासवर्ड बदलें।

सभी मित्रों और रिश्तेदारों को सूचित करें कि आपके अकाउंट से आने वाले पैसों के संदेशों पर भरोसा न करें।


संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अकाउंट रिकवरी की प्रक्रिया शुरू करें।

साइबर अपराध की शिकायत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर दर्ज करें।

**याद रखें**

किसी भी परिचित के नाम से पैसे मांगने वाला संदेश आने पर पहले उसकी पुष्टि करें, फिर ही कोई भुगतान करें। आपकी एक छोटी-सी सावधानी आपको आर्थिक नुकसान से बचा सकती है। सावधान रहें, सुरक्षित रहें। साइबर जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें।

# आस्था के धाम में कितने घोटाले: पावन परिसरों में अपवित्र सेंध और धार्मिक शुचिता का संकट



अशोक भाटिया

भारत एक ऐसा देश है जहाँ धर्म सिर्फ जीवन पद्धति नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की रगों में दौड़ता विश्वास है। यहाँ एक आम नागरिक अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई से एक हिस्सा निकालकर भगवान के चरणों में इस विश्वास के साथ अर्पित करता है कि उसका यह दान समाज के कल्याण, दरिद्र नारायण की सेवा और मंदिर की व्यवस्था में काम आएगा। लेकिन जब इसी 'आस्था के धाम' से घोटालों, चोरी, वित्तीय हेरफेर और गबन की खबरें सुर्खियां बनती हैं, तो सिर्फ कानून नहीं टूटता, बल्कि देश की सामूहिक चेतना और करोड़ों श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास तार-तार हो जाता है। हाल के दिनों में देश के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित धार्मिक केंद्रों से सामने आई वित्तीय अनियमितताओं ने यह गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या हमारे पावन परिसर अब धार्मिक शुचिता के केंद्र न रहकर केवल अकूत संपत्ति के प्रबंधन और उस पर कुंडली मारकर बैठने वाले कुछ भ्रष्ट तत्वों के चारागाह बन चुके हैं? अयोध्या के भव्य राम मंदिर परिसर में दानपात्रों की गिनती के दौरान हुई लाखों-करोड़ों की चोरी और राजस्थान के सुप्रसिद्ध बुटाटी धाम में लगभग 22.74 करोड़ रुपये के गबन के मामलों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। यह संपादकीय इस कड़वी हकीकत के विभिन्न पहलुओं, इसके पीछे के कारणों और व्यवस्थागत सुधारों की आवश्यकता पर एक गहरी नजर डालता है।

वैसे धार्मिक स्थलों पर घोटालों का इतिहास नया नहीं है, लेकिन हाल ही में सामने आए दो मामलों ने इस समस्या की भयावहता को पूरी तरह उजागर कर दिया है। पहला -अयोध्या में राम लला के भव्य मंदिर का निर्माण हर भारतीय के लिए सदियों के इंतजार और अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से ही यहाँ देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का ताँता लगा हुआ है और मंदिर को भारी मात्रा में नकद, सोना और चांदी दान में मिल रहे हैं। लेकिन हाल ही में इस पवित्र परिसर से जो खबर आई, उसने हर सनातनी का सिर शर्म से झुका दिया।मंदिर के ही कुछ कर्मचारियों द्वारा दानपात्रों की गिनती के समय बड़े पैमाने पर नकद और आभूषणों को चुराने का मामला प्रकाश में आया। यह चोरी कोई छोटी-मोटी घटना नहीं थी, बल्कि एक संगठित तरीके से अंजाम दी जा रही व्यवस्थागत सेंधमारी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए इस समय सुप्रीम कोर्ट खुद इसकी निगरानी कर रहा है और विशेष जांच दल (SIT) से स्टेटस रिपोर्ट मांगी गई है। अब तक करीब 80 लाख रुपये नकद बरामद किए जा चुके हैं और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस घटना के बाद मंदिर ट्रस्ट के पिछले पांच साल के खातों का फिर से ऑडिट (री-ऑडिट) कराने का आदेश दिया गया है, जो यह दशार्ता है कि गड़बड़ी की जड़ें कितनी गहरी हो सकती हैं।

दूसराराजस्थान के नागौर जिले में स्थित बुटाटी धाम (श्री चतुरदास महाराज मंदिर) देश भर में लकवा पीड़ितों के इलाज और उनकी सेवा के लिए एक चमत्कारी व पवित्र स्थान माना जाता है। यहाँ लोग बिना किसी स्वार्थ के केवल सेवा भाव और श्रद्धा से आते हैं। लेकिन जांच रिपोर्टों में यहाँ जो खुलासा हुआ, वह आँखें खोलने वाला है।प्रशासनिक जांच में सामने आया है कि बुटाटी धाम में लगभग 22.74 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताएं की गईं। श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए सोने-चांदी के गहने रहस्यमयी ढंग से गायब हो गए। हद तो तब हो गई जब मंदिर की भोजनशाला (रसोई) और सीसीटीवी कैमरों के नाम पर लाखों रुपये के फर्जी बिल बनाकर पैसे निकाल लिए गए। स्थानीय प्रशासन ने मंदिर की तत्कालीन समिति के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर (FIR) दर्ज करने की सिफारिश की है। जो स्थान पीड़ितों के दर्द को हरने के लिए जाना जाता था, वहाँ चंद लोगों की तिजोरियां भरने का घिनौना खेल चल रहा था।

धार्मिक स्थलों पर इस प्रकार के घोटालों और चोरियों के बार-बार सामने आने के पीछे कुछ स्पष्ट व्यवस्थागत और नैतिक कमियाँ हैं, जिन्हें समझे बिना इसका समाधान संभव नहीं है:

जैसे अपारदर्शी वित्तीय व्यवस्था में आज भी कई बड़े मंदिरों और धार्मिक ट्रस्टों में आज भी चढ़ावे और खर्च का कोई डिजिटल या पारदर्शी रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं किया जाता। दानपात्रों से निकलने वाले पैसे की गिनती बंद कमरों में होती है, जहाँ आधुनिक तकनीक जैसे लाइव सीसीटीवी मॉनिटरिंग या तीसरे पक्ष की निगरानी का अभाव होता है।दूसरा जवाबदेही और कड़े ऑडिट का न होनाःधार्मिक मामलों में अक्सर सरकारें और समाज सीधे हस्तक्षेप करने से कतराते हैं। इसी 'स्वायत्तता' का फायदा उठाकर कुछ ट्रस्ट और कमेटियां निरंकुश हो जाती हैं। नियमित और स्वतंत्र चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा फॉरेंसिक ऑडिट न होने के कारण वित्तीय हेरफेर सालों-साल दबे रह जाते हैं।तीसरा राजनीतिकरण और रसूखदारों का कब्जाः

देश के कई बड़े मंदिरों की प्रबंधन समितियों में सेवादारों या धार्मिक विद्वानों के बजाय राजनीतिक रसूख वाले लोगों, नौकरशाहों के करीबियों या स्थानीय बाहुबलियों को जगह मिल जाती है। इनके लिए मंदिर एक पवित्र स्थान से ज्यादा शक्ति, प्रभाव और धन अर्जित करने का जरिया बन जाता है।चौथा कर्मचारियों का नैतिक पतन और कम वेतनःअक्सर देखा गया है कि मंदिरों में दान गिनने या व्यवस्था संभालने वाले निचले स्तर के कर्मचारियों को बहुत कम वेतन दिया जाता है। जब ये कर्मचारी अपनी आँखों के सामने रोजाना करोड़ों रुपये का चढ़ावा देखते हैं, तो उनका नैतिक संयम डगमगा जाता है और वे चोरी के रास्ते पर चल पड़ते हैं।भक्तों की अंधश्रद्धाःभक्त अक्सर भगवान के डर या अत्यधिक श्रद्धा के कारण यह सवाल कभी नहीं पूछते कि उनके द्वारा दिए गए दान का इस्तेमाल कहाँ हो रहा है। वे रसीद लिए बिना नकद या सोना चढ़ा देते हैं, जिससे यह काला धन सीधे तौर पर भ्रष्ट प्रबंधकों की जेब में चला जाता है।

सामाजिक और धार्मिक ताने-बाने पर इसका प्रभाव बहुत पड़ता है क्योकि जब आस्था के केंद्रों में घोटाले होते हैं, तो इसका नुकसान केवल वित्तीय नहीं होता। इसके दूरगामी सामाजिक और धार्मिक परिणाम होते हैं:जैसे नास्तिकता और अविश्वास की भावना पैदा होना : युवा पीढ़ी, जो पहले से ही धर्म और तार्किकता के बीच संतुलन तलाश रही है, जब ऐसी खबरें देखती है तो उसका धर्म और व्यवस्था से भरोसा उठने लगता है। यह समाज में एक प्रकार के नैतिक शून्यवाद को जन्म देता है।परोपकार की भावना में कमी होना : मंदिरों का मुख्य उद्देश्य केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि समाज के गरीब तबके की मदद करना, स्कूल-अस्पताल चलाना और आपदा के समय संबल बनना होता है। घोटालों के कारण जब लोग दान देना कम या बंद कर देते हैं, तो इन कल्याणकारी कार्यों पर सीधा असर पड़ता है।वैश्विक पटल पर छवि धूमिल होना : भारत को दुनिया भर में 'अध्यात्म की भूमि' के रूप में देखा जाता है। अयोध्या जैसे वैश्विक सांस्कृतिक महत्व के केंद्रों में होने वाली चोरियाँ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को नुकसान पहुँचाती हैं।

## सपनों के टूटने की आवाज

वे काँच की तरह नहीं चटखते,
वे शांत
मन के किसी कोने में
एक सूखी पत्ती की तरह
चरमराते।
कोई हवा उन्हें छूती
सपनों का टूटना
दरअसल एक आदमी का
थोड़ा-थोड़ा
कमतर होना है ।
उसकी मुस्कान में
अनकहा विराम
आँखों में
दूर तक फैली उदासी।
कभी ध्यान से देखना,
जो सबसे अधिक हँसी
के पीछे
कई अधूरे सपनों की राख
धीरे-धीरे उड़ती बहती ।
सपने जब बिखरते
तो कोई आवाज नहीं
सिर्फ.उम्मीद की चिड़िया
घोंसले पर देर लौटती।
फिर भी मन
एक छोटा-सा कोना
बचाकर रखता
कि शायद वर्षा ऋतु में
बारिश आएगी,
धरती फिर भीगेगी,
कोई नया सपना
खिलने वाले फूल की तरह
धीरे से कोपलें खोलेगा।
शायद इसी उम्मीद
का नाम सपना है
जहाँ टूटने की आवाज से
अधिक
फिर से बिखरने की
गूंज सुनाई देती ।



संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# लॉड्र्स में लिखा भारतीय महिला क्रिकेट का स्वर्णिम इतिहास



प्रो. आरके जैन अरिजीत

क्रिकेट की दुनिया में यदि किसी मैदान को खेल का तीर्थ कहा जाए, तो वह लॉड्र्स है। यहां जीत केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि सर्वोच्च गौरव का प्रतीक मानी जाती है। इसी ऐतिहासिक धरती पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचा, जिसने केवल रिकॉर्ड नहीं बदले, बल्कि विश्व क्रिकेट की सोच को भी नई दिशा दी। इंग्लैंड जैसी सशक्त टीम को 270 रनों के विशाल अंतर से पराजित कर भारतीय शेरनियों ने साबित कर दिया कि महिला क्रिकेट अब संभावनाओं का नहीं, उत्कृष्टता का पर्याय बन चुका है। यह जीत महज एक टेस्ट मुकाबले की सफलता नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष, अथक परिश्रम, अटूट विश्वास और निरंतर साधना का प्रतिफल है। इस ऐतिहासिक क्षण ने करोड़ों भारतीयों के हृदय को गर्व से भर दिया और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अमिट अध्याय लिख दिया।

शुरूआत से ही भारतीय टीम ने मैच पर अपना वर्चस्व स्थापित कर दिया था। गेंदबाजों ने इंग्लैंड की मजबूत बल्लेबाजी को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। खासकर भारतीय स्पिन आक्रमण ने अपनी सटीकता और विविधता से मेजबान बल्लेबाजों को पूरी तरह जकड़ लिया। हर विकेट के साथ भारत का आत्मविश्वास बढ़ता गया और इंग्लैंड का प्रतिरोध कमजोर पड़ता गया। बल्लेबाजी में स्मृति मंधाना की उपयोगी पारी और यस्तिका भाटिया के शानदार शतक (113) ने मजबूत आधार तैयार किया, जबकि मध्यक्रम की महत्वपूर्ण साझेदारियों (ऋचा घोष की नाबाद 50 रन की पारी सहित) ने बढ़त को निर्णायक बना दिया। बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का संतुलन दिखाया, वहीं गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन से साबित कर दिया कि भारतीय महिला टीम अब हर विभाग में परिपक्व, संतुलित और किसी भी चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार है। जीत को इतिहास में बदलने का क्षण चौथे दिन आया। भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की दूसरी पारी को मात्र 186 रनों पर समेटकर 270 रनों की ऐतिहासिक विजय पर मुहर लगा दी। यह सफलता किसी एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि सामूहिक समर्पण, सटीक रणनीति और अनुशासित खेल की जीत थी। हर खिलाड़ी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई, जो टीम की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी। कप्तान की सूझबूझ, गेंदबाजों का प्रभावी उपयोग, सटीक क्षेत्ररक्षण और शानदार तालमेल ने इंग्लैंड को पूरे मैच में दबाव में रखा। मानसिक दृढ़ता और तकनीकी श्रेष्ठता के बल पर भारतीय टीम हर मोर्चे पर मेजबानों पर भारी रही। इस प्रदर्शन ने साबित कर दिया कि भारतीय महिला टीम अब दुनिया की किसी भी मजबूत टीम को उसकी सरजमीं पर हराने का दम रखती है। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाली क्रांति गौड़ के 5/37 (पहली पारी) और स्नेह राणा के 4 विकेट (दूसरी पारी) ने इंग्लैंड को चित किया।

इस जीत का सबसे गौरवपूर्ण पक्ष यह रहा कि भारतीय महिला टीम ने पहली बार लॉड्र्स के ऐतिहासिक मैदान पर टेस्ट जीत का परचम लहराया। भारतीय पुरुष टीम इस मैदान पर कई यादगार सफलताएं हासिल कर चुकी है, लेकिन अब भारतीय शेरनियों ने भी अपने प्रदर्शन से यहां अमिट पहचान बना ली। यह केवल एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष, मेहनत और अर्जित आत्मविश्वास की सशक्त अभिव्यक्ति है। इंग्लैंड की सरजमीं पर मेजबान टीम को इस अंदाज में हराना बताता है कि भारतीय महिला क्रिकेट अब विदेशी परिस्थितियों में भी उतना ही मजबूत और निडर है। इस विजय ने विश्व क्रिकेट को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की महिला टीम अब केवल चुनौती स्वीकार नहीं करती, बल्कि नए मानक गढ़ने के इरादे से मैदान में उतरती है। भारतीय महिला क्रिकेट की यह उपलब्धि उन संघर्षपूर्ण दिनों की याद भी दिलाती है, जब सीमित संसाधनों, कम अवसरों और उपेक्षा के बीच खिलाड़ियों ने अपने हौसले को जीवित रखा।

# वृक्ष बढ़ना बंद करने के बाद भी लंबे समय तक कार्बन अवशोषित करते रहते हैं

जलवायु परिवर्तन आज पूरी दुनिया के सामने सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है। बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा पृथ्वी के तापमान को लगातार बढ़ा रही है, जिसके परिणामस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग, चरम मौसम की घटनाएँ, सूखा, बाढ़ और जैव विविधता का संकट गहराता जा रहा है। ऐसे समय में वृक्ष प्रकृति के सबसे बड़े रक्षक बनकर सामने आते हैं।

लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि पेड़ मुख्य रूप से अपने तेजी से बढ़ने के दौरान ही अधिक कार्बन अवशोषित करते हैं। लेकिन हाल के वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि वृक्ष अपनी वृद्धि लगभग रुक जाने के बाद भी वर्षों तक वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित और संग्रहित करते रहते हैं।

यह खोज जलवायु परिवर्तन से निपटने की हमारी रणनीतियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह स्पष्ट करती है कि पुराने और परिपक्व वृक्षों का संरक्षण उतना ही आवश्यक है जितना नए पेड़ लगाना।

**प्रकृति के कार्बन बैंक हैं वृक्ष**


वृक्ष प्रकाश संश्लेषण (फोटोसिंथेसिस) की प्रक्रिया द्वारा वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण करते हैं और सूर्य के प्रकाश की सहायता से अपना भोजन बनाते हैं। इस प्रक्रिया में वे कार्बन को अपने तने, शाखाओं, जड़ों और पत्तियों में वर्षों तक सुरक्षित रखते हैं। यही कारण है कि वृक्षों को प्राकृतिक कार्बन बैंक कहा जाता है। वे वातावरण से कार्बन हटाकर उसे लंबे समय तक अपने भीतर संचित रखते हैं, जिससे ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा कम होती है।

**पुराने वृक्ष भी करते हैं कार्बन का संग्रह**

पहले यह धारणा थी कि जैसे-जैसे वृक्षों की ऊँचाई और मोटाई बढ़ना कम हो जाती है, वैसे-वैसे उनका कार्बन अवशोषण भी कम हो जाता है। लेकिन नवीन शोध बताते हैं कि परिपक्व वृक्ष अपने विकास की गति धीमी होने के बाद भी कार्बन को लगातार संग्रहित करते रहते हैं।

यद्यपि उनकी ऊँचाई में अधिक वृद्धि नहीं होती, फिर भी उनकी लकड़ी, जड़ों और अन्य ऊतकों में कार्बन का संचय जारी रहता है। कई सौ वर्ष पुराने वृक्ष अपने जीवनकाल में भारी मात्रा में कार्बन को सुरक्षित रखते हैं।

**पुराने जंगलों का महत्व**



डॉ विजय गर्ग

परिपक्व वन केवल कार्बन संग्रह करने वाले क्षेत्र ही नहीं हैं, बल्कि वे पृथ्वी के सबसे समृद्ध पारिस्थितिक तंत्रों में से एक हैं। ऐसे जंगल–

- हजारों वन्य जीवों और पक्षियों का घर होते हैं।
- मिट्टी का कटाव रोकते हैं।
- भूजल संरक्षण में सहायता करते हैं।
- वर्षा चक्र को संतुलित रखते हैं।
- स्थानीय तापमान को नियंत्रित करते हैं।
- वायु को शुद्ध बनाते हैं।

यदि ऐसे वृक्षों को काट दिया जाए, तो उनमें वर्षों से संचित कार्बन पुनः वातावरण में पहुँच सकता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर हो सकती है।

**केवल वृक्षारोपण ही पर्याप्त नहीं**

पिछले कुछ वर्षों में वृक्षारोपण अभियानों पर विशेष जोर दिया गया है। यह अत्यंत आवश्यक है, लेकिन केवल नए पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है।

एक छोटा पौधा उस स्तर तक पहुँचने में कई दशक लगा देता है, जहाँ वह एक परिपक्व वृक्ष जितना कार्बन संग्रह कर सके। इसलिए जलवायु परिवर्तन से प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए नए वृक्ष लगाने के साथ-साथ पुराने वृक्षों और प्राकृतिक वनों का संरक्षण भी समान रूप से आवश्यक है।

**हम क्या कर सकते हैं?**

प्रत्येक नागरिक पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकता है–

- अधिक से अधिक देशी प्रजातियों के वृक्ष लगाएँ।
- अनावश्यक वृक्ष कटाई का विरोध करें।
- वन संरक्षण अभियानों में भाग लें।
- कागज और लकड़ी का सोच-समझकर उपयोग करें।
- बच्चों और युवाओं में वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाएँ।

छोटे-छोटे प्रयास मिलकर पर्यावरण की रक्षा में बड़ा योगदान दे सकते हैं।

यह वैज्ञानिक खोज कि वृक्ष अपनी वृद्धि धीमी या लगभग बंद होने के बाद भी लंबे समय तक कार्बन अवशोषित करते रहते हैं, हमें प्रकृति के प्रति अपनी सोच बदलने का अवसर देती है। परिपक्व वृक्ष केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा के प्रहरी हैं।

यदि हमें जलवायु परिवर्तन की चुनौती का प्रभावी समाधान खोजना है, तो नए वृक्ष लगाने के साथ-साथ पुराने वृक्षों और प्राकृतिक वनों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। हर जीवित वृक्ष पृथ्वी के लिए एक अनमोल संपत्ति है, जो चुपचाप वातावरण से कार्बन हटाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और संतुलित भविष्य का निर्माण कर रहा है।

## कुरैशी की पुस्तक से उठा सवाल, मनमोहन को 'आत्महत्या' के लिए क्यों 'मजबूर' कर रहे थे कांग्रेसी मंत्री?

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी की आने वाली पुस्तक ने देश की राजनीति में जोरदार हलचल मचा दी है। सबसे सनसनीखेज खुलासा उस घटना का है, जब वर्ष 2012 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने उनसे कथित तौर पर कहा, "यदि आप ऐसा सोचते हैं तो मैं आत्महत्या कर लूंगा।" यह टिप्पणी उस समय सामने आई, जब कुरैशी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री से शिकायत की थी कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ मंत्री और नेता चुनाव आयोग की संवैधानिक गरिमा पर लगातार चोट कर रहे हैं। कुरैशी ने इस पूरे घटनाक्रम को अपनी पुस्तक के उस अध्याय में दर्ज किया है, जिसका शीर्षक है, "वह दिन जब प्रधानमंत्री ने अकल्पनीय बात कह दी।" कुरैशी के अनुसार यह पूरा विवाद उस समय चल रहे उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान शुरू हुआ था। उस समय तत्कालीन केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने चुनाव प्रचार के दौरान मुसलमानों के लिए नौकरियों में आरक्षण साढ़े चार प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत करने का वादा किया था। भारतीय जनता पार्टी ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए चुनाव आयोग से शिकायत की। आयोग ने चार दिन तक दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सलमान खुर्शीद को फटकार लगाई। चुनाव आयोग के पास यही सबसे कड़ी कार्रवाई उपलब्ध थी। इसके बाद कांग्रेस के कुछ नेताओं ने चुनाव आयोग को घमंडी और मनमाना तक कहना शुरू कर दिया। कुरैशी लिखते हैं कि आलोचना से उन्हें कभी परेशानी नहीं हुई, लेकिन जब संवैधानिक संस्था की साख पर चोट पहुंचाने की कोशिश हुई तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया। कुरैशी के अनुसार उन्होंने अपनी पीड़ा प्रधानमंत्री के तत्कालीन प्रेस सलाहकार हरीश खरे के सामने रखी। अगले ही दिन प्रधानमंत्री कार्यालय से तत्काल बुलावा आया। शाम को हुई मुलाकात में मनमोहन सिंह बेहद व्यथित नजर आए। कुरैशी के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा, "यदि आपको ऐसा लगता है तो मैं आत्महत्या कर लूंगा।" यह सुनकर वह खुद भी स्तब्ध रह गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी शिकायत प्रधानमंत्री से नहीं, बल्कि कुछ मंत्रियों के व्यवहार से थी। इसके बाद मनमोहन सिंह ने कथित तौर पर कहा कि उन्हें इस तरह की टिप्पणियों की कोई जानकारी नहीं थी। यदि पहले पता होता तो वह संबंधित मंत्रियों को कड़ी फटकार लगाते। उन्होंने यह भी कहा कि आगे कभी ऐसी कोई बात हो तो सीधे उन्हें बताई जाए। कुरैशी के अनुसार मनमोहन सिंह ने चुनाव आयोग को भारत के लोकतंत्र की आत्मा बताते हुए कहा कि यदि यह संस्था कमजोर हुई तो सब कुछ कमजोर हो जाएगा। कुरैशी का दावा है कि इस मुलाकात के बाद चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी थम गई। हालांकि यहां एक सवाल यह उठता है कि क्या तत्कालीन कांग्रेसी मंत्री मनमोहन सिंह को आत्महत्या जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर कर रहे थे? साथ ही पुस्तक में कुरैशी ने एक और चौंकाने वाली बात कही है। उनका कहना है कि सरकार का हाथ हमेशा लंबा होता है, जबकि विपक्ष को सहारे की जरूरत पड़ती है।

## कारगिल के रणबांकुरों का बलिदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा : दीपक चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके साहस, शौर्य और बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर देश के वीर जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर रालोद खेल प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय सचिव दीपक चौधरी ने कहा कि कारगिल विजय केवल सैन्य सफलता नहीं बल्कि भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। कारगिल के वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर तिरंगे की आन-बान-शान की रक्षा की। उनका पराक्रम और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रसेवा और कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में सैनिकों का योगदान अतुलनीय है और राष्ट्र उनके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा।



समारोह में देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करने पर भी बल दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों के अलावा पूर्व सैनिक और उनके परिजन मौजूद थे।

## मया बाजार में लंगर-ए-हुसैन व मजलिस का आयोजन, मुल्क में अमन-चैन के लिए उठीं हाथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मया बाजार (अयोध्या)।** अंजुमन गुलशन-ए-मदीना मया बाजार के तत्वावधान में हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में लंगर-ए-हुसैन एवं मजलिस का आयोजन किया गया। बड़ी अकीदत, आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में भारी संख्या में अजादारो,जायरीन व स्थानीय लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह कुरआन-ख्वानी के साथ हुआ, जिसमें मुल्क व कौम की तरक्की, सलामती और अमन-चैन के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। इसके बाद शाम को लंगर-ए-हुसैन का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने पहुंचकर तबर्रुक हासिल किया।



**उलेमाओं ने दी दीन की तालीम**

रात में जलसा-ए-तकरीर में बाहर से तशरीफ लाए, उलेमा-ए-किराम मौलाना मोहम्मद अकील, मौलाना मोहम्मद हसीब, हाफिज परवेज आलम और हेलाल टांडवी ने इमाम हुसैन की शहादत की याद में भावपूर्ण नातिया कलाम पेश किए। वहीं, मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद मुफ्ती मोहसिन रजा, हाफिज व कारी सरताज अहमद और मौलाना शहाबुद्दीन ने हजरत इमाम हुसैन (रजि.) की कुर्बानी पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने अपने पुरअसर बयानात में कहा कि इमाम हुसैन का जीवन हमें सब्र, इंसानियत, अमन, मोहब्बत और दीन-ए-इस्लाम की सच्ची तालीमात पर चलने की प्रेरणा देता है।

**भाईचारे और इंसानियत का संदेश**


इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे, एकता और इंसानियत का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहम्मद साजिद, जुम्मन अली, युवा समाजसेवी मास्टर मुबारक अली इदरीशी, मोहम्मद कैफ इदरीशी, शब्बीर सिद्दीकी, मोहम्मद रईस, मुन्ना भाई, राज बाबा और महबूब आलम सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में अंजुमन गुलशन-ए-मदीना मया बाजार की प्रबंध समिति द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी उलेमाओं, मेहमानों, सहयोगियों और क्षेत्रवासियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया गया।

## दिल्ली-एनसीआर के दंपतियों में बढ़ रही हैं प्रजनन संबंधी समस्याएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (सज्जाद बाकर)।** दिल्ली-एनसीआर में दंपतियों में प्रजनन संबंधी समस्याएं बढती जा रही हैं।डॉक्टरों के अनुसार, माता-पिता बनने में देरी, बढ़ती उम्र के साथ प्रजनन क्षमता में कमी, जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं और पुरुषों में बढ़ती बांझपन की समस्या जैसे कई कारण जिम्मेदार हैं। मदरहुड फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, गुरुग्राम की डायरेक्टर फर्टिलिटी एवं हेड एकेडमिक, रिप्रोडक्टिव मेडिसिन डॉ. मीनू हांडा और नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी, ईस्ट ऑफ कैलाश दिल्ली के फर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉ. संदीप तलवार ने कहा पुरुषों और महिलाओं दोनों में प्रजनन क्षमता कम होती दिखाई दे रही है।

मदरहुड फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, गुरगाव की डायरेक्टर फर्टिलिटी एवं हेड एकेडमिक, रिप्रोडक्टिव मेडिसिन डॉ. मीनू हांडा ने कहा, ह्रआज बड़ी संख्या में दंपति माता-पिता बनने में देरी के कारण प्रजनन उपचार का सहारा ले रहे हैं। महिलाओं में आमतौर पर ३० वर्ष की उम्र के बाद प्रजनन क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है और ३२ से ३५ वर्ष के बीच इसमें अधिक गिरावट आती है। पुरुषों में भी ४० वर्ष की उम्र के बाद प्रजनन क्षमता में कमी अधिक दिखाई देने लगती है, हालांकि यह उनकी जीवनशैली और स्वास्थ्य पर भी निर्भर करती है। सदयस्थिती में इलाज के लिए आने वाले अधिकांश दंपति ३० से ३८ वर्ष की आयु वर्ग के हैं। इनमें अंडाणुओं की कम संख्या, अंडाशय की क्षमता में कमी और शुक्राणुओं की खराब गुणवत्ता जैसी समस्याएं अधिक देखने को मिल रही हैं। नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी, ईस्ट ऑफ कैलाश, दिल्ली के फर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉ. संदीप तलवार ने कहा, ह्रआज हम जो सबसे बड़ी समस्या देख रहे हैं, वह है देर से शादी और उसके बाद गर्भधारण में और अधिक देरी। कई दंपति ३७-३८ वर्ष की उम्र में शादी करते हैं और फिर दो साल बाद बच्चे की योजना बनाते हैं। प्रजनन क्षमता पर उम्र के प्रभाव को लेकर जागरूकता अभी भी कम है, यहां तक कि पढ़े-लिखे लोगों में भी। हम अब 20 के अंतिम वर्षों और ३० की शुरुआती उम्र की महिलाओं में, खासकर ३१ वर्ष की उम्र के आसपास, एएमएच स्तर बहुत कम और अंडाशय की क्षमता में कमी देख रहे हैं। पहले यह समस्या मुख्य रूप से ४० वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में देखी जाती थी। पुरुषों में भी शुक्राणुओं की खराब गुणवत्ता के कारण बांझपन के मामले बढ़ रहे हैं। समाज के सभी वर्गों के कई दंपति यह नहीं जानते कि उम्र प्रजनन क्षमता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए वे लंबे समय तक प्राकृतिक रूप से गर्भधारण की कोशिश करते रहते हैं और बार-बार असफल होने के बावजूद फर्टिलिटी विशेषज्ञ से सलाह लेने में देरी करते हैं। ढटडर जैसी समस्याएं भी महिलाओं में बांझपन का एक महत्वपूर्ण कारण हैं। इसलिए, गर्भधारण की योजना बना रहे दंपतियों को समय-समय पर फर्टिलिटी विशेषज्ञ के संपर्क में रहना चाहिए। पौष्टिक और संतुलित आहार लें, नियमित व्यायाम करें, अच्छी नींद लें और योग व ध्यान के माध्यम से तनाव कम करें। प्रजनन संबंधी समस्याओं के इलाज में देरी न करें। डॉ. मीनू हांडा ने आगे कहा, शहरी दंपतियों में प्रजनन क्षमता कम होने के पीछे कई कारण हैं। इनमें माता-पिता बनने में देरी, तनावपूर्ण जीवनशैली, मोटापा, शारीरिक गतिविधियों की कमी, पॉलीएंडोक्राइन मेटाबोलिक ओवेरियन सिंड्रोम (PMOS), हार्मोनल असंतुलन, शुक्राणुओं की खराब गुणवत्ता, वायु प्रदूषण, माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संपर्क, अधिक कार्बोहाईड्रेट वाला आहार और कोविड के बाद स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव शामिल हैं। हालांकि कोविड के प्रभाव को लेकर अभी और अध्ययन की आवश्यकता है। देर से शादी करने का बढ़ता चलन भी एक बड़ा कारण है। आजकल कई दंपति ३७-३८ वर्ष की उम्र में शादी करते हैं और उसके बाद भी दो साल तक परिवार बढ़ाने की योजना नहीं बनाते। कई लोग यह नहीं जानते कि बढ़ती उम्र का प्रजनन क्षमता पर कितना असर पड़ता है। बांझपन को लेकर सबसे बड़ी गलतफहमियों में से एक यह है कि यह केवल महिलाओं की समस्या है। डॉ. मीनू हांडा ने कहां, मौजूदा आंकड़ों के अनुसार, लगभग ४०% बांझपन के मामलों में महिला संबंधी कारण जिम्मेदार होते हैं, जबकि ३५ से ४०% प्रतिशत मामलों में पुरुष संबंधी कारण होते हैं। वहीं १५ से २०% मामलों में सभी जांचों के बाद भी कारण पता नहीं चल पाता। आज कम उम्र के दंपति भी प्रजनन उपचार के लिए आ रहे हैं। माता-पिता बनने में देरी, तनाव, मोटापा, बढ़ती उम्र, अंडाणुओं की संख्या में कमी और शुक्राणुओं की खराब गुणवत्ता प्रजनन क्षमता कम होने के प्रमुख कारण हैं। प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना बहुत जरूरी है, क्योंकि समय पर जांच और सही इलाज से दंपतियों को गर्भधारण की संभावना बढ़ाने में मदद मिल सकती है।इसके लगभग ४०% बांझपन के मामले महिलाओं से जुड़े कारणों के कारण होते हैं। ३५% से ४०% मामलों में पुरुष संबंधी कारण जिम्मेदार होते हैं। १५% से २०% मामलों में सभी जांचों के बाद भी कारण पता नहीं चल पाता।

## शिक्षाविदों और विद्यार्थियों को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षाविदों और शैक्षणिक उपलब्धियों से पहचान बनाने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लायंस क्लब मोदीनगर सेंट्रल द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षण क्षेत्र की उत्कृष्ट सेवाओं के साथ-साथ बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



समारोह के दौरान दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ वी राणा को शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए भारत शिक्षा रत्न सम्मान-2026 प्रदान किया गया। वहीं विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं अभिराज राणा, कामिका सोम और प्रखर को दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतिभाओं को समय पर प्रोत्साहन मिलने से विद्यार्थियों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही शिक्षकों की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं तथा समाज में शिक्षा के महत्व को और अधिक मजबूत बनाते हैं।

इस अवसर पर डॉ जीएस सचदेवा, निशांत अग्रवाल, अंकुर सक्सेना सहित लायंस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## स्कूल चलो अभियान : बेटा बेटी एक समान,सबको दो शिक्षा का ज्ञान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,धौलाना।** बुधवार को धौलाना ब्लाक क्षेत्र में संचालित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय हिम्मतनगर के बच्चों व शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकालकर अभिभावकों को

> पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के बच्चों व निकाली ने जागरूकता रैली
> घर-घर अलख जगाआएंगे बच्चे सभी पढ़ाएंगे:सूरजपाल

अपने बच्चों का स्कूल में प्रवेश दिलाने के प्रति जागरूक किया। साथ अभिभावकों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की।

विद्यालय प्रांगण से जागरूता रैली का शुभारंभ आरंभ होकर दहपा आजमपुर के प्रमुख मार्गो से होते हुए टैंपो स्टेंड,धौबियों का चौक,कंदोली मार्ग,बड़ी मस्जिद से होते हुए विद्यालय में पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में बच्चे स्लोगन लिखी तख्तियां




हाथों में लिए नारे लगाते हुए मार्ग पर चल रहे थे। 1-घर-घर अलख जगाआएंगे बच्चे सभी पढ़ाएंगे,2-पढ़ी-लिखी लड़की रोशनी है घर की,3-एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटा,4-स्कूल चलो स्कूल चलो,पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया,5- बेटा- बेटी एक समान सबको दो शिक्षा का ज्ञान।

रैली को संबोधित करते हुए वरिष्ठ शिक्षक डा.सूरजपाल सिंह ने कहा रैली स्थानीय लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं शत- प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज ग्राम हिम्मतनगर और कमालपुर में निकल गयी। सभी अभिभावकों का बेटा- बेटी दोनों को बराबर पढ़ने का अवसर देना चाहिए। उनका सभी माता-पिता से अपील है,कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजेंइधर के छोटे- छोटे काम में बच्चों को न लगाए और बीच में पढ़ाई न छुड़वाएं,एक कलम की ताकत से ही देश का भविष्य बदल जा सकता है इस अवसर पर सुशीला रानी,मनीषा,दीपिका,रुबीना बेगम,मुर्शीद अली,फिरोज अहमद,नीरज भारद्वाज,नीलम सिंह,आंचल शर्मा,रविता चौधरी,जावेद आलम,ईशा मलिक,कुसुम रानी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### एनसीसी कैडेट्स को बताए आधुनिक कैरियर के गुण

## विश्व युवा कौशल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को एसएसवी इंटर कालेज में 38 यू.पी. बटालियन हापुड़ के निर्देशन में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कैडेट्स को आधुनिक कैरियर के लिए आवश्यक कौशलों में बदलाव विषय पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि आज का युग डिजिटल युग है। पहले नौकरी के लिए सिर्फ डिग्री और विषय का ज्ञान जरूरी माना जाता था,लेकिन अब डिग्री के साथ सही कौशल भी उतने ही जरूरी हैं। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विश्लेषण, ऑनलाइन कार्य प्रणाली और डिजिटल प्लेटफॉर्म लगभग हर क्षेत्र का हिस्सा बन चुके हैं। इसलिए युवाओं को तकनीक के साथ कदम मिलाकर चलना होगा। लेफ्टिनेंट डॉ. कपिल बिसला ने बताया गया कि एनईपी विद्यार्थियों को केवल पास करने तक सीमित न रखकर कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देती है,ताकि वे रोजगार पाने वाले ही नहीं बल्कि रोजगार देने वाले भी बन सके।





लेफ्टिनेंट कर्नल विजयंत शारदा ने कहा कि यदि भविष्य में सफल होना है तो सीखना कभी नहीं छोड़ना होगा। आइए इस दिवस पर संकल्प लें कि हम हर दिन कुछ नया सीखेंगे और एक सशक्त,आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगे।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट डॉ. कपिल बिसला, लेफ्टिनेंट योगेश कुमार,सूबेदार मेजर संजय धामा, सुजीत, अवलोक, कमलजीत, प्रदीप,प्रमोद आदि उपस्थित रहे।

## सैनिक भवन निर्माण का शुभारंभ, कारगिल वीरों को किया नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सुचेतापुरी कॉलोनी में प्रस्तावित सैनिक भवन के निर्माण कार्य का क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच द्वारा भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। कृष्ण कुटिया के पीछे बनने वाला यह भवन क्षेत्र के सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के लिए विभिन्न सुविधाओं और सहयोग का केंद्र बनेगा।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सैनिक भवन के निर्माण को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसका स्वागत किया। बताया गया कि भवन के निर्माण से पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को आवश्यक गतिविधियों एवं आयोजनों के लिए समर्पित स्थान उपलब्ध हो सकेगा।




इसके बाद एमएम डिग्री कॉलेज में आयोजित कारगिल विजय दिवस समारोह में भी शहीदों की शौर्य गाथाओं को वर्णित किया गया।। समारोह के मुख्य अतिथि परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव रहे। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साहस, वीरता और राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों का त्याग और समर्पण देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। समारोह में उपस्थित पूर्व सैनिकों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम के दौरान सैनिक भवन निर्माण की पहल को सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

### आरोप — सीएमओ से की शिकायत,जांच कमेटी पर मरीज से रिश्वत लेने का लगा आरोप

## कुसुम देवी मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के डाक्टर पर मरीज को गलत इंजेक्शन लगाने पर मृत्यु होने का लगा आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद में अनेक अस्पतालों व डाक्टर पर मरीज के साथ लापरवाही करने का आरोप लगता आ रहा। जिसमें अनेक मरीजों की मृत्यु भी हुई ऐसा ही एक मामला बुलंदशहर के

> **डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा होने और अस्पताल को बंद करवाने हेतु एसएसपी को दिया प्रार्थना पत्र**

शिकारपुर रोड पर स्थित कुसुम देवी मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल नयागांव ख्वाजपुर मीरपुर पर देखने को मिला। जिसमें राजवीर सिंह पुत्र कुरिया निवासी सलेमपुर की तबीयत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर अरुण कुमार द्वारा एक नींद का इंजेक्शन परिजनों के बिना अनुमति के मरीज के लगा दिया। जिससे मरीज की तबीयत खराब होने लगी। और मरीज राजवीर की मृत्यु हो गई। राजवीर के पुत्र मोनू और परिजनों द्वारा डॉक्टर से सभी मेडिकल के दस्तावेज मांगे तो डॉक्टर द्वारा दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए और वहां से भगा दिया। अस्पताल में डॉक्टर द्वारा सही इलाज न करने एवं लापरवाही करने से मरीज की मृत्यु हो गई।





मोनू द्वारा बताया गया कि कुसुम देवी मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल एवं उसके पिता राजवीर की डाक्टर द्वारा लापरवाही से मृत्यु होने की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी बुलंदशहर से की जिसमें सीएमओ द्वारा एक जांच कमेटी बनाई गई जांच कमेटी के डाक्टर सुनील द्वारा मोनू से जांच सही करने के बदले अवैध रूप से 50 हजार रुपए रिश्वत के तौर पर मांगे गई। जिसके कारण अभी तक अस्पताल को बंद नहीं कराया गया है और डॉक्टर के विरुद्ध कोई विभागीय कार्रवाई भी नहीं की गई है जिसकी शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की गई जहां से शीघ्र कार्रवाई होने का आश्वासन मिला।

अब देखना यह होगा कि इस तरह ही अस्पतालों में डॉक्टर द्वारा लापरवाही की जाएगी या नहीं सोचने का विषय, जिससे मरीजों की मृत्यु होने से बचाया जा सके।

## खुर्जा में मारपीट, लूट की खबर निकली फर्जी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** खुर्जा नगर से बड़ी खबर... जहां पहासू अड्डे पर हुई मारपीट की घटना को लेकर सोशल मीडिया पर 1 लाख 70 हजार रुपये की लूट की खबरें वायरल हो रही थी लेकिन अब पुलिस ने इन दावों का खंडन करते हुए साफ किया है कि लूट जैसी कोई घटना नहीं हुई पुलिस के अनुसार थाना खुर्जा नगर क्षेत्र के पहासू अड्डे पर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई एक पक्ष खुर्जा कस्बे के राजकुमार का है, जबकि दूसरा पक्ष शिकारपुर थाना क्षेत्र के देवराला निवासी लाखन का है दोनों पक्ष पहले से एक-दूसरे को जानते हैं प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच पुराने पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआजो मारपीट में बदल गया इस घटना में राजकुमार पक्ष के तीन लोग घायल हुए राजकुमार पक्ष की तहरीर के आधार पर थाना खुर्जा नगर में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी हैं और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।



# मढ़न चौकी क्षेत्र में पुलिस-बदमाशों के बीच मुठभेड़, तीन राउंड फायरिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** थाना असमोली क्षेत्र के अंतर्गत मढ़न चौकी इलाके में बुधवार को पुलिस और शातिर बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ से इलाके में हड़कंप मच गया। संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक बाइक पर सवार तीन युवकों को

**थाना प्रभारी और बदमाश घायल, दो आरोपी फरार**

रुकने का इशारा किया, लेकिन खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल होकर पुलिस के हत्थे चढ़ गया, जबकि बदमाशों की गोली लगने से थाना प्रभारी मोहित चौधरी भी घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) असमोली में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।





जानकारी के अनुसार, मढ़न चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अनुज चौहान और थाना प्रभारी मोहित चौधरी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में शातिर अभियुक्त इमरान पुत्र सलीम, निवासी मुंडी मिलक, थाना मैनाठेर, जनपद मुरादाबाद के पैर में गोली लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। हालांकि उसके दो साथी सईम और अलीम अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। मुठभेड़ के दौरान थाना प्रभारी मोहित चौधरी भी बदमाशों की गोली लगने से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर आसपास के क्षेत्रों में लगातार कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश और उसके फरार साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, पुलिस पर जानलेवा हमला, सरकारी कार्य में बाधा तथा आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार दोनों आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 11 हजार वोल्ट लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत, एक गंभीर घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** गणेश कॉलोनी गली नंबर-10 में निमार्णाधीन मकान पर बुधवार को प्लास्टर का कार्य करते समय 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मकान स्वामी श्रीनिवास पुत्र पीतांबर सिंह ने बताया कि उनके निमार्णाधीन मकान की तीसरी मंजिल पर प्लास्टर का काम चल रहा था। इसी दौरान मजदूर महेंद्र (35) पुत्र बद्री निवासी नवापुर कैथल ने एक बल्ली उठाई, जो पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन से टकरा गई। करंट लगने से महेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भूदेव पुत्र महेंद्र पाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। बाद में परिजन कोतवाली पहुंचे, जहां काफी देर तक पुलिस से हल्की नोकझोंक होती रही।

मृतक महेंद्र अपने पीछे पत्नी लता, तीन वर्षीय पुत्र गोलू और दो वर्षीय पुत्री संजना को छोड़ गया है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गणेश कॉलोनी से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन को हटाने की मांग कई बार जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने हादसे के लिए हाईटेंशन लाइन को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे शीघ्र हटाने की मांग की है।

**तीसरी मंजिल पर प्लास्टर करते समय बल्ली हाईटेंशन लाइन से टकराई, लोगों ने फिर उठाई लाइन हटाने की मांग**







**28 कैडेटों का होगा चयन, शारीरिक दक्षता और लिखित परीक्षा के आधार पर हुआ परीक्षण**

# बीएमजी इंटर कॉलेज में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया संपन्न, 118 छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** बीएमजी इंटर कॉलेज में बुधवार को सत्र 2026-27 के लिए एनसीसी की नई भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। भर्ती में 118 छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिनमें से 28 छात्राओं का चयन किया जाएगा।



9 यूपी गर्ल्स बटालियन, मुरादाबाद से आए पीआई राजेंद्र सिंह और जे.पी. पाठक ने भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराई। सुबह नौ बजे शुरू हुई चयन प्रक्रिया में छात्राओं की लंबाई और वजन मापने के बाद शारीरिक दक्षता परीक्षण, दौड़ तथा लिखित परीक्षा आयोजित की गई। प्रधानाचार्या कुमारी सीमा सागर ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पूजा सक्सेना के निर्देशन में सीनियर अंडर ऑफिसर कैडेट कामिनी सहित अन्य कैडेटों ने भर्ती प्रक्रिया में सहयोग किया। सभी छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ चयन प्रक्रिया में भाग लिया।

# जिला अपराध निरोधक समिति की कार्यकारिणी घोषित, यश मदान बने संगठन सचिव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति (सम्भल ग्रामीण) की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव की संस्तुति एवं अध्यक्ष असीम अरुण के दिशा-

**बहजोई में हुई बैठक, अपराध नियंत्रण और जन-जागरूकता पर रहेगा फोकस**

निर्देशन में सामाजिक कार्यकर्ता यश मदान को जिला संगठन सचिव मनोनीत किया गया। यह घोषणा मंगलवार को बहजोई स्थित बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में की गई। बैठक में जिला सचिव नकुल प्रताप सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। नवनियुक्त संगठन सचिव यश मदान ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा से दायित्व निभाते हुए ग्रामीण



क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाने, पुलिस-जन सहयोग मजबूत करने और अपराध रोकथाम के लिए कार्य करेंगे। उनके मनोनयन पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी।

# खाद्य विभाग की सख्ती से मचा हड़कंप, बहजोई की निर्माणशालाओं के लाइसेंस खंगालने में जुटा प्रशासन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा हाल ही में की गई कार्रवाई के बाद बहजोई क्षेत्र की मिठाई निर्माणशालाओं में हड़कंप मच गया है। विभाग

**अज्जी हलवाई की निर्माणशाला पर कार्रवाई के बाद कई प्रतिष्ठान विभाग की रडार पर, नियमों के पालन की होगी पड़ताल**

अब क्षेत्र में संचालित विभिन्न प्रतिष्ठानों के निर्माणशाला लाइसेंस, साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों की व्यापक जांच की तैयारी में जुट गया है। सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक पड़ताल में कई प्रतिष्ठानों की निर्माणशालाओं के लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

दुकान का लाइसेंस अलग, निर्माणशाला का अलग

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि केवल दुकान का लाइसेंस होना पर्याप्त नहीं है। जहां खाद्य पदार्थों का निर्माण किया जाता है, उस निर्माणशाला का अलग से पंजीकरण एवं लाइसेंस आवश्यक है। विभाग ऐसे सभी प्रतिष्ठानों का सत्यापन कर रहा है और जिनके दस्तावेज अधूरे पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



स्वच्छता और गुणवत्ता पर भी रहेगी कड़ी नजर

विभागीय टीम निर्माणशालाओं में स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के रखरखाव, गुणवत्ता और लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की जांच कर रही है। आवश्यकता पड़ने पर खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग की इस सख्ती के बाद बहजोई के खाद्य कारोबारियों में हलचल है। अधिकारियों का कहना है कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# 21 जुलाई को बहजोई में किसान महापंचायत, 2000 ट्रैक्टरों के साथ डीएम कार्यालय का होगा घेराव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/बहजोई।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 21 जुलाई को जिला मुख्यालय बहजोई में बड़े आंदोलन का ऐलान किया है।

**बिजली, स्मार्ट मीटर और खाद की समस्या को लेकर भाकियू का ऐलान, समाधान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी**

संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार बिजली आपूर्ति, स्मार्ट मीटर से बढ़े हुए बिजली बिल और किसानों को खाद की उपलब्धता समेत अन्य मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। भाकियू (टिकैत) के युवा मंडल उपाध्यक्ष अंकित ठाकुर ने बताया कि 21 जुलाई को सुबह 10 बजे किसान मंडी समिति, बहजोई में एकत्र होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे करीब 1500 से 2000 ट्रैक्टर, करीब 500 कारों तथा अन्य वाहनों के साथ डीएम कार्यालय के लिए कूच करेंगे, जहां विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ वार्ता के दौरान यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन अनिश्चितकाल तक जारी रखा जाएगा। आंदोलन में जिलेभर के किसान, मजदूर, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# करंट लगने से मजदूर की मौत, दो अन्य घायल

## गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना से जुड़े दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई/सम्भल (दिनेश सक्सेना)।** थाना चंदौसी क्षेत्र के नवाबपुरा कैथल निवासी महेंद्र पुत्र बद्री की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महेंद्र एक मकान में लिंटर डालने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान सरिया में करंट दौड़ जाने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर पहुंची पुलिस उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना चंदौसी के कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह शव को सीएचसी लेकर पहुंचे। इसी दौरान गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना से जुड़े एक अन्य हादसे में राजेश पुत्र राजकुमार एवं प्रांजल पुत्र कमलेश, निवासी जनपद आजमगढ़, घायल हो गए। दोनों घायलों को यूपीडा की एंबुलेंस द्वारा सीएचसी बहजोई लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल सम्भल रेफर कर दिया।



# मारपीट के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बनियाठेर पुलिस ने मारपीट के एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार चार जुलाई को थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव मझावली निवासी अमरपाल की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 118(2) भी बढ़ाई गई।



इसके बाद पुलिस ने आरोपी दीपक गिरि निवासी ग्राम मझावली को उसके घर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक पंकज बालियान, आरक्षी नीरज कुमार और आरक्षी आदित्य कुमार शामिल रहे।

# पीएम सूर्यघर योजना,एक पेड़ माँ के नाम और कैच द रेन अभियान से जुड़ने की डीएम ने की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी )।** जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अभियानों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा जनभागीदारी के माध्यम से जनपद के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।जिलाधिकारी ने बताया कि पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र परिवार अपने घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित कर बिजली खर्च में बड़ी बचत कर सकता है। उन्होंने कहा कि सामान्यतः 2 से 3 वर्षों में सोलर संयंत्र की लागत की भरपाई हो जाती है और इसके बाद लंबे समय तक अत्यंत कम अथवा शून्य बिजली बिल का लाभ मिल सकता है। उन्होंने अधिकाधिक लोगों से इस योजना का लाभ लेने का आह्वान किया।उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान को पर्यावरण संरक्षण एवं



डा. नितिन गौड़ जिलाधिकारी अमरोहा

मातृ सम्मान से जुड़ा जनआंदोलन बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माता के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसकी देखभाल का संकल्प भी ले। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि कैच द रेन-2026 अभियान जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य वर्षा जल के अधिकतम संचयन तथा भूजल स्तर में सुधार के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन प्रणाली अपनाकर जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जल संरक्षण संबंधी तकनीकी जानकारी एवं वर्षा जल संचयन प्रणाली के संबंध में जनपदवासी जल शक्ति केंद्र, लघु सिंचाई विभाग, विकास भवन, अमरोहा से प्राप्त कर सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर विभागीय अधिकारियों से भी संपर्क किया जा सकता है।जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने सभी जनपदवासियों से इन तीनों अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही अमरोहा को प्रदेश में अग्रणी जनपद बनाया जा सकता है।

**सम्मान** | **जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्रों का बढ़ाया उत्साह, बोर्ड टॉपर भी हुए सम्मानित**

# एसएम इंटर कॉलेज में मेधावियों का सम्मान, ओलंपियाड विजेताओं को मिले मेडल और प्रमाण-पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** एसएम इंटर कॉलेज में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड, अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेता विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन के प्रधानाचार्य सी.पी. सिंह ने मेधावी छात्रों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। मैथ्स ओलंपियाड समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में 69 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें आठ को पुरस्कृत किया गया। स्पर्श और संकल्प गुप्ता ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में 41 प्रतिभागियों में से पांच विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अभय मीना, विवेक, अनिकेत और अर्पित कुमार ने स्वर्ण पदक हासिल किए।





भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में आर्यन ने प्रथम तथा श्रेयांश यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा हाईस्कूल के टॉपर रोहित मीणा और इंटरमीडिएट के टॉपर लक्ष्य कुमार को भी सम्मानित किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# एडीएम के आश्वासन पर किसानों ने नौ दिन बाद समाप्त किया धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** प्रस्तावित फोरलेन सड़क में अधिग्रहित होने वाली भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर तहसील परिसर में

**उचित मुआवजे का तीन दिन में समाधान करने का भरोसा, मांग पूरी न होने पर दोबारा आंदोलन की चेतावनी**

राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) का चल रहा नौ दिवसीय धरना बुधवार को समाप्त हो गया। एडीएम ने किसानों से वार्ता कर तीन दिन के भीतर वर्ष 2025-26 की मूल्यांकन सूची के क्रमांक-12 के अनुसार मुआवजे के संबंध में कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिस पर किसानों ने संतोष जताया।




समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि यदि तय समय में किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला तो संगठन दोबारा आंदोलन शुरू करेगा। धरने में राहुल कश्यप, वीरेंद्र सिंह, अमर सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# पानी की पाइपलाईन बिछाने के बाद सड़क नहीं बनाई, मोहल्ले वासी परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** शहर के मोहल्ला गुलशन नगर में पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क खोदे जाने के बाद अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। टूटी हुई सड़क के कारण स्थानीय लोगों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि पाइपलाइन डालने का कार्य पूरा हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन संबंधित विभाग ने सड़क को पहले जैसी स्थिति में नहीं कराया। सड़क पर बने गड्ढों और उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और बच्चों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। बरसात के दौरान स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे मोहल्ले के लोगों में नाराजगी और गुस्सा है। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिले और किसी संभावित हादसे से बचा जा सके।



# फर्नीचर शोरूम व गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** बिनौली रोड स्थित एक फर्नीचर शोरूम और गोदाम में बुधवार सुबह

**बिनौली रोड पर मचा हड़कंप, फायर स्टेशन न होने से देर से पहुंची दमकल, घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

अचानक भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर पूरे शोरूम और गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। ऊंची-ऊंची लपटें और धुएं का घना गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक गोदाम में रखा फर्नीचर, लकड़ी, प्लाई और अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। वास्तविक नुकसान का आकलन जांच के बाद किया जाएगा।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सरधना में फायर स्टेशन नहीं होने के कारण दमकल की गाड़ियां दूसरे स्थान से पहुंचीं, जिससे आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका। लोगों का कहना है कि यदि नगर में फायर स्टेशन होता तो नुकसान काफी कम हो सकता था।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और अग्निशमन विभाग मामले की जांच में जुटे हैं। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।





स्थानीय लोगों की उठी मांगघटना के बाद एक बार फिर सरधना में स्थायी फायर स्टेशन की मांग तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि तेजी से बढ़ते नगर में आग जैसी आपात घटनाओं से निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर फायर स्टेशन की व्यवस्था बेहद जरूरी है। उनका कहना है कि हर बार दमकल के बाहर से आने के कारण आग पर काबू पाने में देरी होती है, जिससे लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

# सरधना देहात में स्थायी सफाई कर्मचारियों की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** ग्राम पंचायत सरधना देहात की विभिन्न कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने सोमवार को एसडीएम सरधना को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थायी सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति

**कॉलोनियों में गंदगी, जलभराव और दुर्गंध से लोग परेशान; विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग**

कर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की गई।ज्ञापन में बताया गया कि लोकप्रिय रोड, मेरठ रोड, ईदगाह बस्ती, इस्लामाबाद, जगमोहन नगर, सुंदर नगर समेत कई कॉलोनियों में लंबे समय से नियमित सफाई नहीं होने के कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। नालियां गंदगी से भरी हुई हैं और कई स्थानों पर जलभराव व दुर्गंध की समस्या बनी हुई है। इससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ रहा है और स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक कॉलोनी के लिए स्थायी सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएं, जो प्रतिदिन निर्धारित क्रम के अनुसार सफाई कार्य करें। साथ ही नालियों की नियमित सफाई, कूड़ा उठान और आवश्यकतानुसार फॉगिंग कराई जाए।इस दौरान आगा अली शाह,अंकुर गुप्ता,ललित गुर्जर,हरियाली संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष रिहान मलिक, जावेद अब्बासी शाहिद मलिक,इकराम अंसारी,सलीम अंसारी,दानिश,मनीष,अरशद, जाहिद सहित अन्य स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



# 21 जुलाई को जिला मुख्यालय का घेराव करेगी भाकियू, किसानों ने आंदोलन का किया ऐलान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ( जावेद अब्बासी )।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की जिला समीक्षा बैठक मंगलवार को भोला झाल पर जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में जिलेभर से बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। किसानों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान न होने पर नाराजगी जताते

**भोला झाल में जिला समीक्षा बैठक, खाद, बिजली, गन्ना भुगतान और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर प्रशासन के खिलाफ जताया आक्रोश**

हुए 21 जुलाई को जिला मुख्यालय के घेराव का ऐलान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कहा कि किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन प्रशासन उनका समाधान नहीं कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि समितियों पर खाद वितरण में अनियमितताएं हुई हैं, किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल रही है, बिजली का भार जबरन बढ़ाया जा रहा है और गन्ना भुगतान भी लंबे समय से लंबित है।



उन्होंने कहा कि किसान दिवस समेत कई अवसरों पर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिए गए, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। उनका आरोप था कि किसानों को जिलाधिकारी से मिलने के लिए भी समय नहीं मिल पाता, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है।

बैठक में मौजूद किसानों ने एक स्वर में कहा कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो 21 जुलाई को जिला मुख्यालय का घेराव कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने बिजली, खाद, तहसील और लोक निर्माण विभाग में कथित भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दों पर भी आवाज उठाई।

बैठक की अध्यक्षता ओमवीर सिंह ने की, जबकि संचालन तहसील अध्यक्ष मोनू टिकरी और हर्ष चाहल ने किया। इस दौरान मेजर चिंदौड़ी ने किसानों से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक में सतबीर सिंह, मेजर सुरेंद्र, संजय सिंह, रामफल शर्मा, सत्येंद्र, सुनील, बबलू, वीरेंद्र, वेदपाल प्रधान, हाजी काशी, पप्पन, पवन, बॉबी, विनोद, उत्तम सहित बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, डीएम-एसएसपी ने अधिकारियों को किया अलर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह और एसएसपी अविनाश पांडे ने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों, पुलिस अधिकारियों और अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कांवड़ यात्रा से जुड़ी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।






जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और निर्विघ्न संपन्न कराना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण करें, कांवड़ मार्ग, मंदिरों और शिविरों की व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन करें तथा जहां भी कोई कमी मिले, उसे संबंधित विभाग से समन्वय कर तत्काल पूरा कराएं।

उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर तैनात प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय से

**जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिए जिम्मेदारी से ड्यूटी निभाने के निर्देश, तैयारियों का मौके पर सत्यापन कर तुरंत रिपोर्ट देने को कहा**

कम से कम आधा घंटा पहले अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचे और तब तक स्थान न छोड़े, जब तक उनका प्रतिस्थानी कार्यभार ग्रहण न कर ले। सभी अधिकारियों के पास अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी, स्वास्थ्यकर्मी, गोताखोर, बिजली विभाग, सफाई कर्मचारियों, शिविर संचालकों और अन्य संबंधित लोगों की मोबाइल नंबर सहित पूरी सूची उपलब्ध रहनी चाहिए।

बैठक में कांवड़ मार्ग पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बैरिकेडिंग, सड़क मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी, महिला कांवड़ियों की सुरक्षा, बाइक एंबुलेंस, मोबाइल लाइट वैन, होटलों पर रेट लिस्ट, भोजन की गुणवत्ता, विद्युत खंभों को पॉलिथीन और ट्रांसफार्मरों को जाली से ढकने जैसी व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए गए।एसएसपी अविनाश पांडे ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था का बड़ा पर्व है और इसकी सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोशल मीडिया और अफवाहों पर विशेष निगरानी रखें तथा किसी भी भ्रामक सूचना पर तत्काल कार्रवाई करें। साथ ही रूट डायवर्जन, संचार व्यवस्था और पिछले वर्षों की चुनौतियों का अध्ययन कर उसी के अनुरूप सुरक्षा योजना लागू की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त कुंवर वीरेंद्र मौर्य, एसपी ट्रैफिक राजेश कुमार श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, सभी एसडीएम, अपर नगर आयुक्त लवी त्रिपाठी सहित पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# आरटीई शुल्क प्रतिपूर्ति में भ्रष्टाचार का आरोप, सौपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** सामाजिक सर्व समाज चेतना मंच संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश उपाध्याय एवं जिलाध्यक्ष अमित तोमर के नेतृत्व में बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शामली के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपकर जनपद शामली के बेसिक शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार एवं आरटीई शुल्क प्रतिपूर्ति में अनियमितताओं की उच्चस्तरी जांच कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि शहर के सेंट एम.डी. पब्लिक स्कूल को शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2025-26 के 35 विद्यार्थियों की लगभग 1.73 लाख रुपये की शुल्क प्रतिपूर्ति राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है। आरोप है कि विभाग के कुछ कर्मचारी रिश्वत और कमीशन की मांग करते हैं तथा रिश्वत न देने पर बैंक खाते से संबंधित त्रुटियां बताकर भुगतान में देरी की जाती है।






ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि मई 2026 में तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा रिटर्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से भुगतान स्वीकृत किए जाने के बावजूद राशि विद्यालय के खाते में नहीं पहुंची, जिसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। संगठन की ओर से आरोप लगाया गया है कि संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध पूर्व में भी शिकायतें की गईं तथा इस संबंध में समाचार भी प्रकाशित हुए, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। विद्यालय प्रबंधक संजय कुमार उपाध्याय ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि विद्यालय की लंबित शुल्क प्रतिपूर्ति राशि शीघ्र जारी कराई जाए, रिटर्न ट्रांजेक्शन की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए तथा आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वह लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## टायर मार्केट में वर्षों से अतिक्रमण, प्रशासन बेखबर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** शहर के मोहल्ला गुलशन नगर टायर मार्केट क्षेत्र में लंबे समय से सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई वर्षों से दुकानों के बाहर टायर और अन्य सामान रखे जाने के कारण रास्ता संकरा हो गया है, जिससे पैदल यात्रियों और वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम जैसी स्थिति बन जाती है और आसपास रहने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

मोहल्ले वासियो की प्रशासन से मांग है कि टायर मार्केट में किए गए अतिक्रमण को हटाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और यातायात सुचारु रूप से संचालित हो।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पनीर व दूध का भरा नमूना,मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना के निर्देश पर सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय

- **जनपद में छापामार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी:चन्द्रशेखर**
- **जिले में मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों की बिक्री नहीं होने दी जायेगी**

के नेतृत्व में अधिकारियों की गठित टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए डेयरी से पनीर व भैंस के दूध का नमूना भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया।

सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय चन्द्रशेखर मिश्र ने बताया कि गठित सचल दल सोवेन्द्र सिंह पंघाल,विपिन कुमार सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बुलन्दशहर रोड स्थित मोहल्ला पीर बहाउद्दीन निकट जामुन मस्जिद स्थित मलिक डेयरी पर औचक छापा मारकर एक पनीर तथा एक भैंस का दूध का नमूना संग्रहित किया गया है।



उन्होंने बताया कि भरा गया पनीर व दूध के नमूनो को जाँच खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय ने बताया कि जनपद में छापामार कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। जनपद में किसी भी कीमत पर मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थ की बिक्री नहीं होने दी जायेगी।

**परखी तैयारियां** सुरक्षा से लेकर साफ-सफाई तक हर व्यवस्था का लिया जायजा, अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश

# डीएम-एसएसपी ने गंगनहर पटरी मार्ग पर परखी तैयारियां, अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह और एसएसपी अविनाश पांडे सोमवार को पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। दोनों अधिकारियों ने गंगनहर पटरी कांवड़ मार्ग का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की हकीकत परखी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सलावा पुल, अटेरना पुल,दौराला पुल,नानू पुल,भलसौना पुल,पूठखास पुल, भोला की झाल,जानी पुल,सिवालखास पुल से बाबा भूरेशाह दरगाह तक पूरे कांवड़ मार्ग का बारीकी से निरीक्षण किया गया।अधिकारियों ने साफ-सफाई, बैरिकेडिंग,सड़क मरम्मत,पेयजल, मोबाइल शौचालय,स्ट्रीट लाइट,जल निकासी,साइनेज,झाड़ियों की कटाई, गोताखोर एवं मोटरबोट की व्यवस्था, विद्युत पोल और ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, रूट डायवर्जन तथा संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं हर हाल में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करें, कार्यों की नियमित निगरानी करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा





प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

एसएसपी अविनाश पांडे ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, प्रभावी पुलिस व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रसाद, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सत्य प्रकाश सिंह, एसडीएम सरधना उदित नारायण सेंगर, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शहर की सड़कों पर 'सांड संकट': हर मोड़ पर मंडरा रहा हादसे का खतरा, जिम्मेदारों की कार्रवाई नाकाफी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** संभल शहर की व्यस्त सड़कों पर आवारा गोवंशीय पशु लोगों की जान के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। सड़क किनारे बैठे सांड और गायें अचानक बीच सड़क पर आ जाने से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई स्थानों पर वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं, जिससे पीछे चल रहे वाहन भी दुर्घटना की चपेट में आ सकते हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है।

सबसे अधिक परेशानी चौधरी सराय चौराहा से हसनपुर मार्ग होते हुए नखासा चौराहा तक देखने को मिल रही है। यहां दिनभर दर्जनों गोवंशीय पशु सड़क किनारे डेरा जमाए रहते हैं। कई बार ये आपस में लड़ते हुए सड़क के बीच पहुंच जाते हैं, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता है।




स्थिति केवल इसी मार्ग तक सीमित नहीं है। संभल-गवां, संभल-बहजोई, संभल-मुरादाबाद और संभल-चन्दौसी मार्ग पर भी आवारा पशुओं का जमावड़ा आम दृश्य बन चुका है। शहर के सबसे व्यस्त यशोदा चौराहा पर भी कई बार गोवंशीय पशु सड़क के बीच खड़े हो जाते हैं, जिससे जाम लग जाता है और लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय यह समस्या और गंभीर हो जाती है। अंधेरे में सड़क पर बैठे पशु दूर से दिखाई नहीं देते, जिससे तेज रफ्तार वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

कई बार सांड राहगीरों और वाहन चालकों पर हमला भी कर देते हैं। ऐसे में महिलाएं, बुजुर्ग और स्कूली बच्चे सबसे अधिक असुरक्षित महसूस करते हैं।

शहरवासियों का कहना है कि नगर पालिका समय-समय पर अभियान चलाने का दावा तो करती है, लेकिन कुछ ही दिनों में पशु फिर सड़कों पर नजर आने लगते हैं। लोगों ने मांग की है कि आवारा गोवंशीय पशुओं के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए और नियमित अभियान चलाकर उन्हें सड़कों से हटाया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सके।

नगर पालिका का पक्ष

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आदित्य प्रकाश ने बताया कि समय-समय पर अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस भेजा जाता है। फिलहाल हयातनगर स्थित कांजी हाउस पूरी तरह भर चुका है, इसलिए अब पकड़े जाने वाले गोवंशीय पशुओं को शहर के निकट स्थित गोशालाओं में भेजने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही विशेष अभियान चलाकर प्रमुख मार्गों और चौराहों से आवारा पशुओं को हटाया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके।

## कुन्दरकी पुलिस ने 400 किलो सरकारी तार चोरी करने वाला गैंग पकड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** बिजली विभाग को लाखों का चूना लगाने वाले अंतरजनपदीय गैंग का पदार्फाश हो गया है। कुंदरकी पुलिस ने कोतवाली चंदौसी के ग्राम कैथल निवासी इदरीस और थाना बनियाठेर संभल के मोहम्मदगंज निवासी अकरम को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक ये गैंग रात के अंधेरे में जंगलों और सुनसान इलाकों से सरकारी बिजली के तार काटकर ले जाता था। चोरी के लिए ये लोग कार का इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने आरोपीयो से 400 किलो एल्युमिनियम तारचोरी में इस्तेमाल कार2 तमंचे, कारतूसतार काटने के औजार बरामद किये है।पुलिसिया पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह बदायूं, संभल और रामपुर के जंगलों से तार चोरी कर उसे कबाड़ी को बेच देते थे। पकड़े जाने के डर से ये हमेशा अवैध हथियार रखते थे। दोनों के खिलाफ बीएन एस और आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की तलाश कर रही है।

## ड्यूटी भी, तैयारी भी... और कामयाबी भी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी ।** थाना मैनाठेर के फईम ने साबित किया - कुछ करने की चाह हो तो रास्ते मिल ही जाते हैं। मैनाठेर के हाजी इब्राहीम के बेटे मोहम्मद फईम ने वो कर दिखाया जो हर युवा का सपना होता है। दिन में लखनऊ में यूपी पुलिस में आरक्षी की ड्यूटी और रात में एस आई बनने का सपना। इसी जिद ने उन्हें कामयाबी दिलाई। यूपी पुलिस में एस आई भर्ती में चयन के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। फईम सैफी कहते हैं इस सफलता का श्रेय उनके माता-पिता और गुरुजनों को जाता है। आज फईम सैफी क्षेत्र के हर उस युवा के लिए प्रेरणा हैं जो नौकरी के साथ सपना भी जीना चाहता है।



# साइबर ठगी के लिए हुआ एक हजार खातों का इस्तेमाल: पांच आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ, मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई) ।** साइबर ठगी की रकम के लिए जिले के एक हजार खातों का इस्तेमाल किया गया है। यूपी के अलग-अलग जिले समेत अन्य राज्यों में रह रहे लोगों से की गई साइबर ठगी की रकम इन खातों में भेजी गई है। नेशनल साइबर अपराध पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की जांच में इसका खुलासा हुआ है। मुरादाबाद में एक सप्ताह में दस से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज की जा चुकीं और पांच आरोपी भी पकड़ लिए हैं जबकि मामलों में जांच चल रही है।साइवज्र ऑपरेशन के तहत नेशनल साइबर अपराध पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को मुरादाबाद की साइबर थाने की पुलिस ने चिन्हित किया। इसके बाद टीमों ने इन खातों की जांच की। जिसमें सामने आया है कि मुरादाबाद के एक हजार खातों को साइबर ठगी में इस्तेमाल किया गया है। जांच में यह बात भी सामने आई है कि यह म्यूल खाते हैं और इन खातों को खोलते समय जिन मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का इस्तेमाल किया गया। उन्हें बाद में अपडेट करने के बाद




उन पर दूसरे मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी दर्ज की गई है। कहीं फर्म के नंबर पर खाते खोले गए तो कहीं खाता धारक की बिना जानकारी के उसके दस्तावेज इस्तेमाल किए गए हैं। पुलिस ने इन खातों से जुड़े लोगों की पहचान व्यक्ति के नाम पर बैंक में खुला होता है। इसका इस्तेमाल साइबर अपराधी दूसरों से ठगी गई रकम को ठिकाने लगाने के लिए करते हैं। इन खातों का उपयोग अवैध लेनदेन को छिपाने के लिए किया जाता है।साइबर थाने की अब तक जांच में सामने आया है कि इन खातों में करीब दो करोड़ से ज्यादा रकम आई है।किसी खाते में एक हजार रुपये आए हैं तो किसी खाते में लाखों की रकम ट्रांसफर की गइ है। यूपी के अलग अलग जिलों के अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, मुंबई, राजस्थान समेत अन्य राज्यों के शहरों में स्थित बैंक खातों से भी रकम ट्रांसफर की गई है। डिलारी, भोजपुर, कटघर, मझोला, मैनाठेर में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह के अनुसार नेशनल साइबर अपराध पोर्टल से मुरादाबाद के खातों को चिह्नित कर उनकी जांच की जा रही है। करीब एक हजार से ऐसे खाते मिले हैं जिनमें दो करोड़ से अधिक की रकम पाई गई है। पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए चुके हैं अन्य की तलाश में जुटी लगी हैं।

# कांठ में आरके ज्वैलर्स के 2 वर्ष पूरे होने पर खिचड़ी प्रसाद का किया वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर में आज यश माहेश्वरी (सुपौत्र स्व० श्री रामकृष्ण माहेश्वरी-पूर्व विधायक) के नवनिर्मित प्रतिष्ठान आर के ज्वैलर्स निकट प्रथमा बैंक, धामपुर रोड, कांठ के 2 वर्ष पूरे होने पर पूजा अर्चना के बाद प्रसाद के रूप में पीली खिचड़ी का वितरण किया गया' उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई 2024 को आकाश कुमार पाल (जिला अध्यक्ष भाजपा, मुरादाबाद) , राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू (निर्वतमान विधायक-कांठ) के कर कमलों आरके ज्वैलर्स का उद्घाटन हुआ था' इस अवसर पर आरके ज्वैलर्स के स्वामी वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी ने कहा कि शुद्धता और विश्वसनीयता हमारी पहचान है सोने और चांदी की नवीनतम ज्वेलरी हमारे यहां उपलब्ध है ' इस अवसर पर अवधेश चन्द्र



माहेश्वरी, आरके ज्वैलर्स के प्रोपराइटर यश माहेश्वरी, सौरभ अग्रवाल, नेपाल सिंह, प्रमोद शर्मा आदि मौजूद थे ।

## जिला स्तरीय अधिकारी हर दिन गांव का करें भ्रमण : डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** डीएम डॉ. राजेंद्र पेंसिया की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड के तहत विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने विभागवार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन कम से कम एक गांव का भ्रमण करें। यह सुनिश्चित करें कि ग्राम स्तर पर तैनात कर्मचारी विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह रहें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यों में लापरवाही एवं निष्क्रियता बरतने वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए।



# स्कूलों में "अब हफ्ते में एक दिन चलेगा डियर " अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों में पढ़ने की संस्कृति प्रयोग कम करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब विद्यालयों में ड्रॉप एवरीथिंग एंड रीड (डियर) अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत विद्यालयों में सप्ताह में एक दिन 30 मिनट पाठ्य पुस्तकों से इतर बच्चों के किताब, कहानी, कविता के पढ़ने पर फोकस किया जाएगा।इसमें छात्रों को अपनी रुचि की किताबें पढ़ने के लिए विद्यालय की समय-सारिणी में पुस्तकालय का एक घंटा (कालांश) निर्धारण किया जाएगा। शिक्षकों के निर्देशन में समय-समय पर विभिन्न पढ़ने व लिखने की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। ताकि पढ़ना छात्रों के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन सके।बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने यह भी निर्देश दिए हैं कि विद्यालयों में स्क्रीन टाइम कम करने के लिए समाचार पत्र पढ़ने व इससे जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जाए। विद्यालयों में रीडिंग क्लब का गठन किया जाए। उन्होंने नए सत्र में इन सभी गतिविधियों को अभियान के रूप में संचालित करने का निर्देश दिया है।




# वृक्षारोपण महायज्ञ में जुबिलेंट में लगाए 21 हजार पौधे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला।** वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत जुबिलेंट परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 21 हजार पौधे लगाए गए। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम पांच पौधे रोपित कर उनकी देखभाल करने का आह्वान भी किया गया।

बुधवार को जुबिलेंट में प्रबंधक (पर्यावरण) फाल्गुनी शरण ने बताया कि जुबिलेंट में पिछले चार दिनों से पौधरोपण चल रहा है। यहां बरगद, नीम, कनेर, चम्पा, पापड़ी, शीशम आदि प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। पौधरोपण के दौरान जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड के यूनिट हेड विनोद झा, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय बिजनौर में सहायक पर्यावरण अभियंता सुनील कुमार यश, कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता आशीष शर्मा के साथ ही सुनील ए सिंह, राजीव त्रिपाठी, अनुपम सिंह आदि भी मौजूद रहे। वहीं जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोच्च रखा गया है। वातावरण को शुद्ध बनाए रखने को धरती का हराभरा होना बेहद आवश्यक है। आज लगाया गया एक पौधा भविष्य में विशाल वृक्ष बनकर हमें प्राणवायु, फल, फूल, औषधियां तथा स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि जुबिलेंट शिक्षा,समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, चिकित्सा, खेल, पर्यावरण संरक्षण आदि तमाम क्षेत्रों में कार्य कर रही है।





## मुरादाबाद-गाजियाबाद" हाईवे पर 71 सेफ्टी प्वाइंट चिह्नित"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** एनएचएआई ने मुरादाबाद-गाजियाबाद के बीच हाईवे पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए 70 रोड सेफ्टी प्वाइंट चिह्नित किए हैं। इस मामले में प्रभावी उपाय करने के लिए मुख्यालय को एक प्रस्ताव भेजा जाएगा।



एनएचएआई ने सड़क सुरक्षा के मानकों को पूरा करने के लिए एक कार्ययोजना तैयार की है। रोड सेफ्टी के मानकों को पूरा करने के लिए विभाग की तकनीकी टीम ने काफी अध्ययन किया है।इसमें हाईवे पर प्रतिदिन आने वाले वाहनों के दबाव, मार्ग पर हुए हादसों, ओवरटेकिंग अर्थात तेज रफ्तार से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों को शामिल किया गया है। इस मामले में एनएचएआई सेफ्टी कंसल्टेंट को रिपोर्ट भेजकर वित्तीय सहमति ली जाएगी।विभाग की ओर से वाहन चालकों को जागरूक करने के एहतियाती उपाय किए जाएंगे। जरूरत के मुताबिक रिफ्लेक्टर, ब्लैक स्पॉट सुधार, साइन बोर्ड, सिग्नल, नए मानक रबंलर आदि लगाए जाएंगे।एनएचएआई के पीडी अरविंद कुमार का कहना है कि रोड सेफ्टी का प्रस्ताव शीघ्र ही मुख्यालय भेजा जाएगा।

# नियम विरुद्ध पट्टों के चलते कई राजस्व अधिकारियों पर गिर सकती है "गाज"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नियम विरुद्ध कृषि भूमि पट्टा आवंटन के मामले में मंडलायुक्त द्वारा डीएम से आख्या मांगे जाने के बाद राजस्व अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लेखपाल से लेकर एसडीएम स्तर तक किए गए पट्टा आवंटनों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं, ताकि गड़बड़ियों की जिम्मेदारी तय की जा सके।

मंडलायुक्त ने डीएम को भेजे पत्र में बताया कि ठाकुरद्वारा तहसील के ग्राम फरीदनगर एहतमाली में तत्कालीन डीएम न्यायालय ने 10 मार्च 2026 को कृषि भूमि आवंटन निरस्त कर दिया था। इसके बावजूद दोषी अधिकारियों के खिलाफ अब तक कार्रवाई नहीं होने पर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी गई है।पत्र के अनुसार, ग्राम भूमि प्रबंधक समिति के प्रस्ताव पर 24 दिसंबर 1987 और 22 अक्टूबर 1989 को तहसील से 23 जनवरी 1988 तथा 9 दिसंबर 1989 को स्वीकृति दी गई थी। इसके तहत धनेश, विश्वनाथ, जगदीश, बनारसी और फारुख के पक्ष में कृषि भूमि आवंटित की गई थी।

बाद में सरकार बनाम धनेश व अन्य के मामले में धारा 128 के तहत सुनवाई के बाद 10 मार्च 2026 को आवंटन निरस्त कर दिया गया था।

डीएम न्यायालय ने एडीएम (प्रशासन) को आवंटन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय कर एक माह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। अब मंडलायुक्त ने भी डीएम से अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की स्थिति पर एक सप्ताह में आख्या तलब की है।

# अब ब्लाक प्रमुख भी बनेंगे "प्रशासक" 18 जुलाई को हो सकता है आदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्रदेश में ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत अध्यक्षों के बाद अब क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों (ब्लाक प्रमुखों) को भी प्रशासक बनाए जाने की तैयारी है। प्रदेश सरकार 18 जुलाई तक इससे संबंधित आदेश जारी कर सकती है। 19 जुलाई को ब्लाक प्रमुखों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद वे प्रशासक के रूप में क्षेत्र पंचायत के नियमित और सामान्य कार्यों का संचालन करेंगे।

पंचायती राज विभाग ने ब्लाक प्रमुखों को प्रशासक बनाए जाने का प्रस्ताव पहले ही मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दिया है। माना जा रहा है कि कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही इस प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। प्रशासक के रूप में ब्लाक प्रमुख नियमित विकास कार्यों और प्रशासनिक गतिविधियों को जारी रख सकेंगे। हालांकि, किसी भी नीतिगत या विशेष महत्व के निर्णय के लिए उन्हें प्रस्ताव जिलाधिकारी के पास भेजना होगा। सरकार की योजना के अनुसार ब्लाक प्रमुख अधिकतम छह माह तक या फिर वर्ष 2026 के पंचायत चुनाव के बाद गठित नई क्षेत्र पंचायतों की पहली बैठक होने तक, जो भी पहले हो, प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे। इस बीच ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के सरकार के फैसले को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट और उसकी लखनऊ खंडपीठ में सुनवाई जारी है।उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1947 की धारा 12(3-क) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अदालत ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। लखनऊ खंडपीठ में इस मामले की अगली सुनवाई चार अगस्त को निर्धारित है।

## गन्ने के खेत में मिला युवक का सड़ा-गला शव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी ।** थाना क्षेत्र के गांव बोहरनपुर नरौली में मंगलवार को गन्ने के खेत से एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार शव लगभग तीन से चार दिन पुराना है और गली-सड़ी अवस्था में था।

मृतक की उम्र 28 से 30 साल के आसपास बताई जा रही है। उसके सिर पर डॉक्टर द्वारा की गई पट्टी के निशान हैं और चेहरे पर बढ़ी हुई दाढ़ी है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

# आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए घर-घर सर्वे अभियान आज से प्रारंभः डीएलएड प्रशिक्षु घर-घर जाकर परिवारों का करेंगे सर्वे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेसिक शिक्षा विभाग नए सत्र 2026-27 में प्रदेश में आउट ऑफ स्कूल और स्कूल में कभी न दाखिला लेने वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है। 16 जुलाई से 14 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान में छह से 14 वर्ष साल के ऐसे बच्चों का घर-घर जाकर चिह्नह्मांकन किया जाएगा। फिर ऐसे बच्चों की आयु के अनुरूप कक्षा में नामांकन कराया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें विशेष शैक्षिक सहयोग भी दिया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने निर्देश दिया है कि यह अभियान बीटीसी और डीएलएड प्रशिक्षु के माध्यम से चलाया जाएगा। प्रशिक्षु घर-घर जाकर परिवारों का सर्वे करेंगे। इस दौरान ईंट-भट्ठों, निर्माण स्थलों, घुमंतू समुदायों, जनजातीय बस्तियों के परिवारों पर विशेष फोकस रहेगा, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। विभाग ने ड्रॉपआउट बच्चों की नई परिभाषा भी स्पष्ट की है। इसके तहत वह बच्चा आउट ऑफ स्कूल माना जाएगा, जिसने कभी प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश नहीं लिया हो या नामांकन के बाद लगातार 30 दिन से अधिक अनुपस्थित रहा हो।




## कांवड़ यात्रा से पहले उझानी में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** उझानी क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर नगर पालिका परिषद ने मुख्य बाजार से अस्थायी अतिक्रमण हटवाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए एसडीएम और पुलिस की मौजूदगी में अभियान चलेगा ताकि कांवड़िये बेरोकटोक निकल सकें। कांवड़ यात्रा कछला गंगा घाट से शुरू होकर बदायूं समेत आसपास के जिलों में स्थित शिव मंदिरों तक निकलती है। यहां कल्याण सिंह चौक से कृषि उत्पादन मंडी समिति तक अधिकतर कांवड़िये डीजे लगे वाहनों के साथ मुख्य बाजार से होकर निकलते हैं।

कल्याण सिंह चौक से मंडी समिति तिराहे तक मुख्य बाजार की स्थिति पर गौर करें तो सब्जी मंडी से गोशाला मोड़ तक बाजार में अस्थायी अतिक्रमण ने राहगीरों को परेशान कर रखा है। बाजार की स्थिति यह है कि दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों के आगे दो-तीन फुट तक अस्थायी कब्जा कर रखा है। कांवड़ यात्रा के दौरान आवागमन में दिक्कत और ज्यादा होगी। कांवड़ियों को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मुहैया कराने के लिए प्रशासनिक तैयारियों के बीच दो दिन पहले पालिका कर्मियों ने मुख्य बाजार की हकीकत पर गौर किया। इसके बाद तय हुआ कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले ही मुख्य बाजार को अस्थायी अतिक्रमण से मुक्त करा दिया जाए। बाजार को अस्थायी अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए अभियान एसडीएम और पुलिस की मौजूदगी में चलेगा।

**खाई सलफास** हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया

# जमीन पर भाई के अवैध कब्जे से परेशान होकर खाई सलफास


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद से परेशान एक सेल्स मैनेजर ने सल्फास पाउडर खाकर आत्महत्या का प्रयास कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने गांव के पूर्व प्रधान और अपने छोटे भाई की पत्नी पर जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है।

शास्त्री नगर निवासी संजीव शंखधार पुत्र स्व. राममूर्ति लाल शर्मा एक चाय पत्ती कंपनी में सेल्स मैनेजर हैं। उनका आरोप है कि फरीदपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के पूर्व प्रधान ने उनके छोटे भाई की पत्नी के साथ मिलकर गांव स्थित उनकी बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। उनका कहना है कि पूर्व प्रधान दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके डर से गांव का कोई भी व्यक्ति उसके खिलाफ शिकायत करने की हिम्मत नहीं करता।

**मकान पर भी कब्जे की कोशिश का दावा**

संजीव शंखधार का आरोप है कि पूर्व प्रधान और उसके भाई की पत्नी ने शास्त्री नगर स्थित उनके मकान पर भी कब्जा करने की नीयत से दीवार खड़ी कर दी है। लगातार हो रहे विवाद और मानसिक तनाव के कारण वह पूरी तरह टूट गए और उन्हें कोई रास्ता नहीं सूझा।



**सल्फास खाकर किया आत्महत्या का प्रयास**

पीड़ित ने सोमवार सुबह अपने घर पर सल्फास पाउडर खा लिया। जहर खाने के कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें तत्काल देव प्राइमस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल उनकी हालत में सुधार है और वह खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

**तहरीर मिलने पर होगी जांच : पुलिस**

प्रेमनगर थाना पुलिस का कहना है कि फिलहाल इस मामले में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इंस्पेक्टर क्राइम धर्मेंद्र ने बताया कि यदि पीड़ित या उसके परिजन तहरीर देते हैं तो मामले की निष्पक्ष जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मुरादाबाद में आज मुख्य निर्वाचन आयुक्त बीएलओ-पर्यवेक्षकों से करेंगे संवाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार बृहस्पतिवार को मुरादाबाद आएंगे। वह टीएमयू में आयोजित कार्यक्रम में बीएलओ और पर्यवेक्षकों से संवाद करेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त दिल्ली से कार द्वारा सुबह 10:30 बजे होटल हॉलिडे पहुंचेंगे। यहां से वह 10:55 बजे टीएमयू के लिए रवाना होंगे। जहां ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वह बीएलओ और पर्यवेक्षकों से सीधा संवाद करेंगे 'दोपहर 12:45 बजे वह दिल्ली के रवाना हो जाएंगे। डीएम डॉ. राजेंद्र पैसिया के अनुसार 16 जुलाई को मुख्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यक्रम प्रस्तावित है।





# रेड वेलवेट गाउन में कंगना शर्मा ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा

अपनी बोल्डनेस और बेहतरीन स्टाइल स्टेटमेंट के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस कंगना शर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ बेहद हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें साझा की हैं, जिन्हें देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं।

तस्वीरों में कंगना शर्मा चमकीले लाल रंग का एक शानदार वेलवेट गाउन पहने नजर आ रही हैं। यह एक थाई-हाई स्लिट गाउन है, जो उनके टोंड लेग्स को पूरी तरह फ्लॉन्ट कर रहा है।

गाउन का डीप स्वीटहार्ट नेकलाइन डिजाइन कंगना के लुक को और भी ज्यादा बोल्ड और सिजलिंग बना रहा है। इस फुल-स्लीव्स आउटफिट के साथ उन्होंने मैचिंग रेड कलर का स्लिंग बैग कैरी किया हुआ है, जो उनके ओवरऑल अपीयरेंस को कॉम्प्लीमेंट कर रहा है।

कंगना ने अपने इस लुक को पूरा करने के लिए बोल्ड रेड लिपस्टिक लगाई है, जो उनके चेहरे पर काफी निखर कर आ रही है। स्मोकी आइज और परफेक्ट ब्लश के साथ उनका फेशियल ग्लो देखते ही बनता है। बालों की बात करें तो उन्होंने अपने वेवी हेयर्स को साइड-पार्टिंग के साथ खुला रखा है, जो उनके कंधों पर बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। गले में पहना हुआ हैवी स्टेटमेंट सिल्वर नेकपीस उनके नेकलाइन को एक रॉयल टच दे रहा है। खुले आसमान के नीचे रात के वक्त क्लिक की गई इन तस्वीरों में कंगना का कॉन्फिडेंस साफ नजर आ रहा है। कंगना एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। रेड हील्स पहने हुए उनके ये कातिलाना पोज इंटरनेट का तापमान बढ़ाने के लिए काफी हैं।

# सलमान खान की मातृभूमि के लिए करना पड़ सकता है लंबा इंतजार, आया ये अपडेट

सलमान खान की फिल्म मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस को अगस्त में रिलीज किया जाना था। अब लगता है कि फैंस को इसके लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है, क्योंकि इसकी रिलीज के आसार इस साल तो दूर-दूर तक नहीं दिख रहे हैं। ताजा अपडेट है कि फिल्म को रिलीज करने की हर संभव कोशिश जारी है, लेकिन यह इस साल तक टल सकती है। बता दें, फिल्म मातृभूमि का निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है।




रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्र ने कहा, मामले अभी तक सुलझे नहीं हैं। अगर ये जल्द सुलझ भी जाते हैं, तब भी अच्छी रिलीज स्लॉट मिलना मुश्किल होगा, क्योंकि ज्यादातर तारीखें बुक हो चुकी हैं। हमारी इंडस्ट्री में यह आम बात है कि अभिनेता और फिल्म निमार्ता किसी दूसरी फिल्म की पहले से बुक की गई तारीख पर फिल्म रिलीज कर देते हैं। लेकिन सलमान खान अपवाद हैं। वह बेवजह किसी दूसरी फिल्म से टकराव में विश्वास नहीं रखते।

सूत्र ने आगे कहा, अगर समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो मातृभूमि अगले साल के लिए टल जाएगी। इसका मतलब यह होगा कि सलमान की 2027 में 2 फिल्में रिलीज हो सकती हैं। सलमान की एसवीसी63 ईद, 2027 पर रिलीज के लिए तैयार है, जिसमें उनके साथ नयनतारा हैं।

बता दें, मातृभूमि भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच 2020 में हुए गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है। इसके विषयवस्तु पर आपत्ति के चलते अभी सेंसर प्रमाणपत्र नहीं मिला है।

# दुनियाभर में लेनिन का तहलका, तीन दिन में धुआंधार कमा डाले करोड़ो, अखिल अक्किनेनी की बनी सबसे बडी हिट

अखिल अक्किनेनी की फिल्म लेनिन 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. मुरली किशोर अब्बुरु के निर्देशन में बनी इस रूरल एक्शन ड्रामा फिल्म को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. दमदार ओपनिंग के बाद फिल्म की कमाई में वीकेंड पर भी जबरदस्त उछाल देखा गया. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को कितना कलेक्शन किया है? लेलिन को सिनेमाघरों मे रिलीज होन के बाद क्रिटिक्स से मिला-जुला रिव्यू मिल था. बावजूद इसके इस फिल्म को दर्शक खूब



पसंद कर रहे हैं. फिल्म की अच्छी शुरूआत हुई थी और अपने ओपनिंग वीकेंड पर भी ये ऑडियंस को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रही। फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो लेलिन ने पहले दिन 7.15 करोड़ रुपये कमाए थे. इसके बाद दूसरे दिन इसने 8.65 करोड़ का कारोबार किया.वहीं अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक लेलिन ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 2 हजार 324 शो से 9.65 करोड़ की नेट कमाई की है.

इससे भारत में फिल्म का कुल नेट कलेक्शन 25.45 करोड़ हो गया है. वहीं भारत में इसका कुल ग्रॉस कलेक्शन 29.27 करोड़ रुपये हुआ है। लेनिन ने दुनियाभर में भी बॉक्स ऑफिस हिला डाला है. इसने ओवरसीज में तीसरे दिन 2.00 करोड़ कमाए, जिससे विदेश में इसका कुल ग्रॉस कलेक्शन 7.80 करोड़ हो गया है. वहीं दुनिया भर इसकी कुल ग्रॉस कमाई अब 37.07 करोड़ रुपये हुई है. लेनिन ने रिलीज के तीन दिन में ही वर्ल्डवाइड 37 करोड़ से ज्यादा कमाई कर डाली है. इसी के साथ ये फिल्म अखिल की हाल से सालों में सबसे बड़ी कमर्शियल हिट बन गई है।

# पिटबुल के कॉन्सर्ट में झूमीं अनन्या पांडे, गाया रेन ओवर मी सॉन्ग

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने हाल ही में विंबलडन 2026 पुरुष एकल सेमीफाइनल का मुकाबला देखा। इसके बाद उन्होंने क्यूबा-अमेरिकी रैपर पिटबुल के कॉन्सर्ट का आनंद लेते हुए अपनी कुछ झलकियां भी सोशल मीडिया पर साझा की। अपनी सोशल मीडिया स्टोरी में अनन्या पांडे ने पहले विंबलडन मुकाबले की कुछ झलकियां साझा कीं। इसके बाद उन्होंने पिटबुल के कॉन्सर्ट से एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में वह अन्य प्रशंसकों के साथ वर्ष 2011 के लोकप्रिय गीत रेन ओवर मी पर झूमती और गाती नजर आईं। इस वीडियो के



साथ अनन्या पांडे ने कैप्शन में लिखा, पिटबुल एट द पार्क।

रेन ओवर मी पिटबुल का लोकप्रिय गीत है, जो उनके छठे स्टूडियो एल्बम प्लैनेट पिट का हिस्सा है। इस गीत में प्यूर्टो रिको-अमेरिकी गायक मार्क एंथनी ने भी अपनी आवाज दी है। इस गीत को पिटबुल, मार्क एंथनी और उनके सहयोगी गीतकारों ने मिलकर लिखा था।

पिटबुल ने अपने संगीत करियर की शुरूआत 2000 के दशक की शुरूआत में की थी। वह रेगेटन, लैटिन हिप-हॉप और क्रंक संगीत के लिए जाने जाते हैं। उनका पहला एल्बम एम.आई.ए.एम.आई. था। इसके बाद उनके एल्बम एल मारिएल और द बोटलिफ्ट भी काफी लोकप्रिय हुए और बिलबोर्ड 200 की सूची में शामिल हुए।

पिटबुल के चौथे एल्बम पिटबुल स्टारिंग इन रेबेल्यूशन ने उन्हें मुख्यधारा में बड़ी पहचान दिलाई। इस एल्बम के आई नो यू वांट मी (कैले ओचो) और होटल रूम सर्विस जैसे गीत काफी लोकप्रिय हुए। इससे पहले अनन्या पांडे पेरिस हॉट कूचर वीक में शामिल हुई थीं। इसके बाद वह विंबलडन में भी बेहद आकर्षक अंदाज में नजर आईं। मैच के दौरान उन्होंने चमकीले लाल रंग की पॉपलिन ड्रेस पहनी हुई थी। अभिनय की बात करें तो अनन्या पांडे की हालिया फिल्में तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी और चांद मेरा दिल बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकीं।

चांद मेरा दिल एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसकी कहानी विवेक सोनी और तुषार परांजपे ने मिलकर लिखी है। फिल्म में अनन्या पांडे के साथ लक्ष्य भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

यह फिल्म कॉलेज में प्यार करने वाले एक जोड़े की कहानी है। बड़े होने के बाद जब दोनों नई जिम्मेदारियों का सामना करते हैं, तो उनके रिश्ते की परीक्षा होती है और उन्हें प्यार के बारे में अपनी सोच पर दोबारा विचार करना पड़ता है।

# लेस के कपड़े पहनने की शौकीन हैं? इन 5 आउटफिट को बनाएं अलमारी का हिस्सा

लेस एक ऐसा कपड़ा है, जो नाजुकता और आकर्षण का अनोखा मेल प्रस्तुत करता है। यह न केवल सुंदरता बढ़ाता है, बल्कि आराम भी देता है। आजकल लेस के कपड़े बहुत लोकप्रिय हो गए हैं, खासकर महिलाओं के बीच। इस लेख में हम आपको 5 ऐसे लेस के कपड़ों के बारे में बताएंगे, जो आपकी अलमारी में चार चांद लगा सकते हैं और आपको हर मौके पर खास महसूस करवाएंगे।

**लेस की ड्रेस**

लेस की ड्रेस किसी भी अवसर पर पहनने के लिए बेहतरीन विकल्प हो सकती है। चाहे वह शादी हो या कोई पार्टी, लेस की ड्रेस हमेशा आकर्षक लगती है।

यह न केवल आपको सुंदर दिखाती है, बल्कि आरामदायक भी होती है। आप इसे अपने पसंदीदा जूतों और गहनों के साथ मिलाकर एक पूरा लुक बना सकती हैं।

लेस की ड्रेस पहनने से आपका लुक न केवल खास लगेगा, बल्कि आप आत्मविश्वास से भरी भी महसूस करेंगी।



**लेस टॉप**

लेस टॉप रोजमर्रा के उपयोग के लिए बहुत अच्छे होते हैं। इन्हें जींस या स्कर्ट के साथ पहना जा सकता है, जिससे आपका लुक हमेशा नया और ताजगी भरा लगेगा।

लेस टॉप न केवल स्टाइलिश होते हैं, बल्कि इन्हें पहनने से आपको पूरा दिन आराम भी महसूस होता है। इन्हें खास मौकों पर भी पहना जा सकता है।

लेस टॉप आपके कपड़े के संग्रह में एक अहम हिस्सा बन सकते हैं, जो हर मौके पर आपको खास बनाएंगे।

**लेस स्कर्ट**

लेस स्कर्ट किसी भी महिला की अलमारी में होना जरूरी होता है। इसे किसी भी साधारण टी-शर्ट या ब्लाउज के साथ मिलाकर पहना जा सकता है।

लेस स्कर्ट पहनने से आपका लुक न केवल खास लगेगा, बल्कि आप आत्मविश्वास से भरी भी महसूस करेंगी। इसे ऊंची एड़ी के जूतों के साथ पहनने से आपका लुक और भी आकर्षक बनता है।

लेस स्कर्ट आपके कपड़े के संग्रह में एक अहम हिस्सा बन सकती है, जो हर मौके पर आपको खास बनाएगा।

**लेस जैकेट**

लेस जैकेट ठंड के मौसम में भी फैशन का हिस्सा बन सकती हैं। इन्हें किसी साधारण कुर्ते या टी-शर्ट के ऊपर पहनें और अपना लुक पूरा करें।

लेस जैकेट न केवल आपको गर्म रखेगी, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाएगी। इसे जींस या फॉर्मल पैंट, दोनों के साथ पहना जा सकता है।

लेस जैकेट आपके कपड़े के संग्रह में एक अहम हिस्सा बन सकती है, जो हर मौके पर आपको खास बनाएगा और आपको आत्मविश्वास से भरी महसूस करवाएगी।

**लेस कुर्तियां**

लेस कुर्तियां पारंपरिक और आधुनिकता का अनोखा मेल प्रस्तुत करती हैं। इन्हें किसी भी पारंपरिक पैंट या धोती के साथ पहना जा सकता है।

लेस कुर्तियां न केवल सुंदर दिखाती हैं, बल्कि इन्हें पहनने से आपको पूरा दिन आराम भी महसूस होता है। इन 5 लेस के कपड़ों से आप अपनी अलमारी को नया रूप दे सकती हैं और हर मौके पर खास महसूस कर सकती हैं।

इनमें आपको ट्रेंडी लुक मिल जाएगा।

# क्या आपको निर्णय लेते समय महसूस होता है तनाव? इन 5 संकेतों से चलेगा पता

हम रोजमर्रा के जीवन में कई छोटे-बड़े फैसले लेते हैं, जैसे क्या पहनना है, क्या खाना है या कौन-सा शो देखना है। इन फैसलों का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा असर पड़ता है। अगर आपको लगता है कि आप लगातार छोटे-छोटे फैसलों में भी थकावट महसूस कर रहे हैं तो यह संकेत हो सकता है कि आपको निर्णय लेने की थकावट हो रही है। आइए इसके 5 संकेत जानते हैं।

**लगातार फैसले लेने में थकान होना**

अगर आप रोजाना कई छोटे-छोटे फैसलों में भी थकावट महसूस करते हैं तो यह एक जरूरी संकेत हो सकता है। उदाहरण के लिए, अगर आप रोजाना यह सोचते हैं कि आज क्या पहनना है या क्या खाना है और इससे आपको मानसिक रूप से परेशानी होती है तो यह दिखाता है कि आपको निर्णय लेने की थकावट हो रही है। ऐसी स्थिति में आपको अपनी दिनचर्या में थोड़ा बदलाव करने की जरूरत हो सकती है।

**छोटी-छोटी बातों पर ज्यादा सोच-विचार करना**

अगर आप छोटी-छोटी बातों पर ज्यादा सोचते रहते हैं तो यह भी एक संकेत हो सकता है कि आपको निर्णय लेने की थकावट हो रही है। जैसे कि क्या खाना है या कौन-सा कपड़ा पहनना है, इन मामलों में ज्यादा सोचने से मानसिक ऊर्जा खत्म हो सकती है। इससे आपका मूड भी प्रभावित होता है और आप चिड़चिड़े हो सकते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि आप कुछ फैसले पहले ही तय कर लें, ताकि आपको बार-बार सोचना न पड़े।



**मूड में उतार-चढ़ाव आना**

अगर आपका मूड बार-बार बदलता रहता है और आप खुद को उदास या चिड़चिड़ा महसूस करते हैं तो यह भी एक संकेत हो सकता है कि आपको निर्णय लेने की थकावट हो रही है। ऐसा अक्सर तब होता है जब हम ज्यादा सोचते हैं या छोटे-छोटे फैसलों में उलझे रहते हैं। इस स्थिति में खुद को थोड़ा समय देना जरूरी है, ताकि आप आराम कर सकें और अपनी मानसिक ऊर्जा को फिर से प्राप्त कर सकें।

**ज्यादा चिंता होना**

अगर आप अक्सर बहुत ज्यादा चिंता करते रहते हैं, खासकर छोटे-छोटे मामलों को लेकर तो यह एक जरूरी संकेत हो सकता है कि आपको निर्णय लेने की थकावट है। ज्यादा चिंता करने से मानसिक ऊर्जा खत्म हो सकती है और आप खुद को बहुत थका हुआ महसूस कर सकते हैं। इस स्थिति में आपको अपनी दिनचर्या में थोड़ा बदलाव करने की जरूरत हो सकती है, ताकि आप आराम कर सकें और अपनी मानसिक ऊर्जा को फिर से प्राप्त कर सकें।

**खुद पर शक करना**

अगर आप अक्सर अपने फैसलों पर शक करते रहते हैं और खुद को गलत ठहराते रहते हैं तो यह भी एक जरूरी संकेत हो सकता है कि आपको निर्णय लेने की थकावट हो रही है। ऐसा अक्सर तब होता है जब हम ज्यादा सोचते या छोटे-छोटे फैसलों में उलझे रहते हैं। इस स्थिति में खुद पर शक करना बंद करें और अपने फैसलों पर विश्वास रखें, ताकि आपकी मानसिक ऊर्जा फिर से प्राप्त हो सके।

# राम मंदिर चोरी पर योगी का विपक्ष को आइना: आस्था पर राजनीति करने वाले पहले क्या करते थे?

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्किल डेवलपमेंट मिशन और ITI के तहत प्रशिक्षित युवाओं के सम्मान समारोह में हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान कहा कि साझा भविष्य तभी संभव है जब अवसर साझा किए जाएं। अवसर तब साझा किए जाते हैं जब सरकार की सोच वैसी हो। हमारे पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा कार्यशक्ति है। मैं प्रधानमंत्री मोदी का आभारी हूं कि उन्होंने 2014 में पदभार संभालने के बाद देश में कौशल विकास मंत्रालय की स्थापना की। साझा भविष्य तब बनता है जब सरकार का दृष्टिकोण ऐसा हो। योगी ने आगे कहा कि दुर्भाग्य से, 2017 से पहले, राज्य सरकार खुद राज्य के लिए एक बुरा शगुन बन गई थी। उस समय, युवाओं के लिए शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई थी, और कौशल विकास के लिए कोई प्रावधान नहीं थे। असुरक्षा का माहौल था। सरकारी नौकरियों



पर एक ही परिवार का एकाधिकार था। विपक्ष पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले... सरकारी नौकरी पर एक खानदान का अधिकार था। नौकरी निकलती नहीं थी, निकल गई तो चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली के लिए भी निकल पड़ती थी। उन्होंने कहा कि यूपी का नौजवान यूपी में काम पाए, यह एक कल्पना थी। लेकिन अब यह साकार हो रही है। दूसरी ओर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की घटना से हम जैसे राम भक्तों की आस्था को ठेस पहुंची है लेकिन इस मामले के बहाने अयोध्या और राम जन्मभूमि को बदनाम करना उचित नहीं है। इंडिया टुडे समूह के कार्यक्रम पंचायत आज तक को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों, खासकर समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि वे अपने पुराने रिकॉर्ड के बावजूद आस्था से जुड़े मुद्दों का राजनीतिकरण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या की घटना ने निश्चित रूप से हम सभी की, हम जैसे राम भक्तों की आस्था को चोट पहुंचाई है। राम मंदिर ट्रस्ट एक स्वतंत्र संस्था है और सरकार को इसके मामलों में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। ट्रस्ट ने जांच का अनुरोध किया और राज्य सरकार ने एसआईटी (विशेष जांच दल) का गठन किया। जैसे ही एसआईटी की रिपोर्ट आई, कार्रवाई शुरू कर दी गई। उन्होंने कहा कि चोरी की घटना में कथित रूप से शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनकी सहायता करने के आरोप में दो अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। योगी ने कहा कि गिरफ्तारी के साथ-साथ नैतिक आधार पर दो इस्तीफे भी हुए हैं, जिनमें ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन इस घटना का इस्तेमाल अयोध्या, राम जन्मभूमि और हिंदुओं की आस्था को बदनाम करने के लिए करना उचित नहीं है। सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग अब आस्था की बात कर रहे हैं, उन्होंने पहले धार्मिक परंपराओं के खिलाफ काम किया था।

# पुरानी रंजिश में युवक की चाकू से हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की चाकू और डंडों से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान ताहिरपुर निवासी जीशान के रूप में हुई है, जबकि उसके साथ मौजूद दोस्त गौरव हमले में बाल-बाल बच गया। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात जीशान और गौरव दिलशाद कॉलोनी लालबत्ती के पास सर्विस लेन से गुजर रहे थे। इसी दौरान तीन परिचित युवकों ने जीशान को घेरकर पहले विवाद किया और फिर चाकू व डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल जीशान को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीमापुरी थाना पुलिस ने हत्या सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर त्वरित



कार्रवाई करते हुए मोहम्मद अमन, सोनू और लक्ष्मी नारायण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# किसान दिवस : डीएम ने किसानों की समस्याओं निस्तारण अधिकारियों को एक सप्ताह में करने के दिये निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान दिवस पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने

- समस्या का निस्तारण होने पर किसानों को अवगत कराये
- भाकियू जिलाध्यक्ष ने किसानों की समस्याओं से डीएम को अवगत कराया

जिलाधिकारी कविता मीना को किसानों की समस्यायों से अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह में करने के निर्देश दिये। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष पवन हूण ने कहा कि बिजली विभाग की जर्जर लाइनों द्वारा किसानों की फसल नुकसान व जनहानि होती है तो





बिजली विभाग के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज हो व किसानों को मुआवजा मिले,सिंभावली ब्रजनाथपुर शुगर मिलों के क्रय केंद्र अन्य शुगर मिलों को दी जाएं अगर सिम्भावली ब्रजनाथपुर को गाना दिया जाए तो आगामी गन्ना भुगतान की जिम्मेदारी जिला गन्ना अधिकारी की हो, राजस्व विभाग नाम सही करने के लिए सही कागज पत्र मांगते हैं लेकिन गलत नाम करने के लिए किस आधार पर करते हैं इसका ब्योरा देने,सिंभावली ब्रजनाथपुर मिलों का गन्ना भुगतान 14 दिन बाद पर ब्याज मिले, जबकि बैंकों के द्वारा आईआरपी के माध्यम से मिलों से लिया जा रहा है,कोऑपरेटिव सोसाइटीयों में किसानों की शेयर पर ब्याज मिले, गावं अमीरपुर नगोला में गांव के मेंन रास्ते पर मंदिर के सामने वाला रास्ता जिस पर रात में अंधेरा रहता है,उस रास्ते पर लाइटों की बहुत जरूरत है लाइटों की व्यवस्था कराने की मांग की।

किसान दिवस में जिला कृषि अधिकारी गौरव कुमार द्वारा जिले में उर्वरक उपलब्धता के बारे में किसानों को बताया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक एल पी सिंह तोमर, महेंद्र त्यागी, अतुल त्यागी, राजेंद्र डागर आदि मौजूद रहे।

# बिजली चोरी पर सख्त अभियान, 65 उपभोक्ताओं पर एफआईआर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** जिले में बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। ग्रीष्म ऋतु में बढ़े विद्युत भार और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष अभियान में 65 उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। विभाग ने अधिक लोड का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं से भी तत्काल विद्युत भार बढ़वाने की अपील की है।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिशासी अभियंता ने बताया कि जिले में बढ़ते विद्युत भार और बिजली चोरी की घटनाओं को देखते हुए 15 जुलाई को संभल नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमों ने विभिन्न स्थानों पर जांच की। जांच के दौरान कटिया डालकर तथा सर्विस केबल में कट लगाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए 65 उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया। विभाग ने बताया कि बिजली चोरी के कारण ईमानदारी से बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को भी गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति में परेशानी का सामना करना पड़ता है। अधिशासी अभियंता ने उपभोक्ताओं से बिजली चोरी न करने की अपील करते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं के यहां स्वीकृत क्षमता से अधिक विद्युत भार का उपयोग हो रहा है, वे संबंधित खंड या उपखंड कार्यालय में आवेदन देकर अपना विद्युत भार बढ़वा लें। अन्यथा जांच के दौरान अधिक भार मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने लोगों से बिजली चोरी की सूचना 1912 हेल्पलाइन अथवा बिजली मित्र पोर्टल के माध्यम से देने की भी अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रा को अगवा कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** 14 वर्षीय कक्षा नौ की छात्रा को अगवा कर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया है। बता दे कि एक गांव निवासी छात्रा गत 11 जुलाई की रात नौ बजे संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। 12 जुलाई की दोपहर दोपहर करीब दो बजे वह अपने घर बदहवाश हालत में पहुंची। छात्रा ने परिजनों को बताया कि पड़ोसी गांव निवासी उसे अगवा कर ले गए और कमरे में बंधक बनाकर रखा। वहां उसने मेरे साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट करता था। एसीपी मसूरी सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को आरोपी को किशोर को गिरफ्तार कर उसे किशोर न्याय बोर्ड में पेश कर दिया गया।

# कांवड़ यात्रा से पहले प्रशासन का बड़ा एक्शन: शाहदरा जीटी रोड पर चला बुलडोजर, अतिक्रमण हटाकर कांवड़ मार्ग किया गया साफ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (अनिता)।** कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले बुधवार को जिला प्रशासन ने पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के साथ संयुक्त अभियान चलाकर शाहदरा जीटी रोड पर बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। प्रशासन का उद्देश्य कांवड़ यात्रियों के लिए मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित, सुगम और बाधारहित बनाना है। अभियान के दौरान सीमापुरी गोलचक्कर से लेकर शाहदरा स्थित लालबाग झुग्गियों तक बुलडोजर और अन्य मशीनों की सहायता से सड़क एवं फुटपाथ पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। कई स्थानों पर फुटपाथों पर अस्थायी दुकानें, टीन शेड, ठेले और अन्य अवैध निर्माण पाए गए, जिन्हें हटाकर सार्वजनिक मार्ग को खाली कराया गया। शाहदरा की एसडीएम रीता कौशिक ने बताया कि पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि प्रमुख कांवड़ मार्ग पर अतिक्रमण के कारण यात्रियों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की बैठक में गंभीरता से उठाया गया, जिसके बाद संयुक्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि शाहदरा जीटी रोड यमुनापार का प्रमुख





कांवड़ मार्ग है, जहां से हर वर्ष हजारों श्रद्धालु कांवड़ लेकर गुजरते हैं। यात्रा के दौरान किसी प्रकार की बाधा या दुर्घटना की आशंका न रहे, इसलिए समय रहते अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि फुटपाथ केवल पैदल यात्रियों के सुरक्षित आवागमन के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन कई स्थानों पर उन पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। इन कब्जों को हटाकर फुटपाथों को दोबारा आम जनता के उपयोग के लिए मुक्त कराया गया है, जिससे पैदल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ेगी और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। कार्रवाई के दौरान शाहदरा ट्रैफिक सर्कल के इंस्पेक्टर संजय द्विवेदी एवं उनकी टीम ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में यातायात को नियंत्रित किया गया ताकि लोगों को कम से कम असुविधा हो।

प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि सार्वजनिक सड़क और फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न करें तथा प्रशासन का सहयोग करें।

# किसान समाधान दिवस में डीएम कुमार हर्ष ने सुनीं किसानों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्री कुमार हर्ष की अध्यक्षता में





राजकीय कृषि विद्यालय के प्रशिक्षण कक्ष में किसान समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में पिछले किसान दिवस के दौरान किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर संबंधित विभागों की ओर से की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि किसानों की शिकायतों का नियमानुसार, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से किसानों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा सरकार की किसान हितैषी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

# चेयरमैन व विधायक ने निःशुल्क स्वच्छता किट का वितरण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** बुधवार को ग्राम पंचायत भटैल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काव्या चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वच्छता किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर व विधायक विजयपाल आढ़ती ने निःशुल्क स्वच्छता किट का वितरण किया।





कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर व सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने फीता काटकर किया गया। जिसमें उपरांत दोनों ने लोगों में निःशुल्क स्वच्छता किट का वितरण किया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेन्द्र चौधरी ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में काव्या स्टोर भी स्थापित किया जायेगा। जिसमें ग्रामीणों को दैनिक उपयोग का सामान उचित मूल्य पर मिलेगा।

उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा आज 16 जुलाई को गांव सिमरौली व 17 जुलाई को ग्राम पंचायत रघुनाथपुर में निःशुल्क स्वच्छता किट का वितरण कराया जायेगा। स्टोर संचालक भटैल मधु बालियान रहेंगी।

# अलग अलग स्थानों पर दो युवकों के शव मिलने से मचा हड़कंप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** आज नगर में दो अलग अलग स्थानों पर दो युवकों के शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिनमें से एक शव की पहचान हो गई जबकि दूसरे शव की पहचान के पुलिस प्रयास कर रही है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिए। नगर के जलालपुर रोड पर सड़क किनारे एक राजमिस्त्री का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दे दी। एसीपी मसूरी सर्किल सुनील कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि जलालपुर रोड पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त डिफेंस कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय भोला शंकर के रूप में हुई। मृतक बिहार के चंपारण का रहने वाला था और यहां पर किराए के मकान में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चलेंगा। इसके अलावा दिल्ली मेरठ रोड पर गांव बसंतपुर सैतली के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है।

# शुक्रवार को मुरादनगर में आएंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को मुरादनगर आएंगे। वह रावली रोड स्थित कुशलपाल तेजपाल त्यागी डिग्री कॉलेज परिसर में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं मुरादनगर सीट से छ बार के विधायक रहे राजपाल त्यागी की प्रतिमा का अनवारण करेंगे। बुधवार को जिलाधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कार्यक्रमस्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। विधायक अजीतपाल त्यागी ने बताया कि 17 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रावली रोड स्थित कुशलपाल तेजपाल त्यागी डिग्री कॉलेज परिसर में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए आएंगे। प्रतिमा का अनावरण करने के बाद वह एक सभा को भी सम्बोधित करेंगे। सभा को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। बुधवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी, एसीपी मसूरी सुनील कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी सभास्थल पहुंचे और तैयारियों को जायजा लिया। दिल्ली मेरठ रोड व रावली रोड पर सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। हैलीपेड आईटीएस कॉलेज परिसर में बनेगा। वहां से मुख्यमंत्री कार द्वारा सभास्थल पर पहुंचेगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री मोदीनगर व मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यो का लोकार्पण भी करेंगे।







'आइकॉन अवार्ड-2026' रिफेसिमेंटो इंटरनेशनल के संस्थापक रवि भूषण ने उनके निवास पर जा कर किया सम्मानित, 1990 से लगातार 'हू इज हू' में दर्ज हो रहा है नाम

# चार दशक की साहित्य साधना को मिला वैश्विक सम्मान, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा को 'आइकॉन अवार्ड-2026'

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** हिंदी साहित्य जगत की वरिष्ठ एवं बहुआयामी साहित्यकार डॉ.सविता चड्ढा को उनकी चार दशक से अधिक की निरंतर साहित्य साधना, रचनात्मक योगदान तथा वैश्विक साहित्यिक पहचान के लिए प्रतिष्ठित संस्था रिफेसिमेंटो इंटरनेशनल द्वारा 'आइकॉन अवार्ड-2026' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान संस्था के संस्थापक एवं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य रवि भूषण ने स्वयं उनके निवास पर पहुंचकर यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. सविता चड्ढा ने सम्मान के लिए संस्था एवं रवि भूषण का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने पाठकों, शुभचिंतकों और साहित्यकारों के स्नेह का प्रतिफल बताया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1990 में पहली बार रिफेसिमेंटो इंटरनेशनल की विश्वप्रसिद्ध "हू इज हू" लेखकों की सूची में डॉ. सविता चड्ढा का नाम शामिल किया गया था। उस समय उनकी केवल छह पुस्तकें प्रकाशित हुई थीं। तब से लेकर आज तक निरंतर प्रत्येक वर्ष उनका नाम इस प्रतिष्ठित प्रकाशन में शामिल होता रहा है। वर्तमान में उनकी 55 से अधिक पुस्तकें कथा, उपन्यास, कविता, निबंध, पत्रकारिता, स्त्री-विमर्श एवं सामाजिक सरोकारों सहित विभिन्न विषयों पर प्रकाशित हो चुकी हैं।

डॉ. सविता चड्ढा चार दशकों से अधिक समय से हिंदी साहित्य की सतत साधना में संलग्न हैं। उन्होंने अनेक पुस्तकों एवं साहित्यिक पत्रिकाओं का संपादन भी किया है। उनका नाम विश्व के 100 प्रमुख हिंदी साहित्यकारों की सूची में शामिल होना हिंदी साहित्य के लिए गौरव का विषय माना जाता है।

उनकी साहित्यिक यात्रा भारत तक सीमित नहीं रही। उन्होंने लंदन, अमेरिका (न्यू जर्सी एवं लॉस एंजिल्स), ताशकंद, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, नेपाल, फ्रांस (पेरिस), दुबई, सिंगापुर, हांगकांग, मॉरीशस, श्रीलंका, मिस्र, जापान, वियतनाम तथा पोर्ट ब्लेयर सहित



अनेक देशों एवं स्थानों पर आयोजित साहित्यिक सम्मेलनों, व्याख्यानों, शोध-पत्र प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय सहभागिता निभाई है।

सम्मानों की दृष्टि से भी डॉ. चड्ढा का साहित्यिक जीवन अत्यंत समृद्ध रहा है। उन्हें हिंदी अकादमी, दिल्ली का साहित्यिक कृति सम्मान, मैसूर हिंदी प्रचार परिषद का हिंदी सेवा सम्मान, ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का साहित्यिक सम्मान, महादेवी वर्मा सम्मान, कलम का सिपाही, साहित्यश्री, शिखर सम्मान, वुमन केसरी सहित देश की 70 से अधिक प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2020 में हरियाणा साहित्य अकादमी ने उन्हें "हरियाणा गौरव सम्मान" से अलंकृत किया। इसके अतिरिक्त उन्हें साहित्य सुधाकर, नारी गौरव, आदर्श महिला, राष्ट्र रत्न और दिल्ली गौरव जैसी अनेक विशिष्ट उपाधियाँ भी प्रदान की जा चुकी हैं। उनके साहित्यिक अवदान पर समय-समय पर अनेक विशेषांक प्रकाशित हुए हैं। उनकी 60 से अधिक कहानियाँ वर्ष 1982 से 2025 के बीच आकाशवाणी से हिंदी के साथ-साथ पंजाबी भाषा में भी प्रसारित हो चुकी हैं, जो उनकी रचनात्मक लोकप्रियता और व्यापक स्वीकार्यता का प्रमाण है।

डॉ. सविता चड्ढा का साहित्य सामाजिक चेतना, मानवीय संवेदनाओं और विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण का सशक्त दस्तावेज माना जाता है। उनका मानना है कि "श्रेष्ठ लेखन गंगा स्नान के समान होता है, जो मन, विचार और समाज–तीनों को निर्मल बनाता है।"हिंदी साहित्य के प्रति उनके समर्पण, उत्कृष्ट रचनात्मक योगदान तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय साहित्य की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए प्राप्त 'आइकॉन अवार्ड-2026' को साहित्य जगत ने उनकी दीर्घकालीन साहित्य साधना का गौरवपूर्ण सम्मान बताया है। जून 2026 में प्राप्त यह सम्मान हिंदी साहित्य की उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में देखा जा रहा है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267